रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## रामायण पर महाभारत

**मुख्यमंत्री साय को भगवान राम, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को रावण बताया**

### सीएम और पूर्व सीएम को ऐसे दिखाया




### किसको क्या बताया

| कांग्रेसी नेता | |
|---|---|
| भूपेश बघेल- | रावण |
| टीएस सिंहदेव- | विभीषण |
| उत्तरी जांगड़े- | मंथरा |
| ज्योत्सना महंत- | ताड़का |
| सौम्या चौरसिया- | कैकेई |
| शकुंतला साहू- | शूर्पणखा |
| दीपक बैज- | कुंभकरण |
| ताम्रध्वज साहू- | मायासूर |
| एजाज ढेबर- | लवणासुर |
| कवासी लखमा- | मारीच |

| भाजपा नेता | |
|---|---|
| विष्णुदेव साय- | भगवान राम |
| अरुण साव- | लक्ष्मण |
| किरणदेव- | भरत |
| डा. रमन सिंह- | शत्रुहन |
| विजय शर्मा- | हनुमान |
| रामविचार नेताम- | सुग्रीव |
| अटल बिहारी वाजपेयी- | दशरथ |
| अजय चंद्राकर- | जनक |
| बृजमोहन अग्रवाल- | अंगद |

*अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आज एक साल पूरा होने के मौके पर ही रामायण के पात्रों को लेकर इंस्टाग्राम पर रामायण के पात्रों को लेकर एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में भाजपा नेताओं की तुलना जहां भगवान से की गई है, वहीं कांग्रेस के नेताओं की तुलना राक्षसों से की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जहां भगवान राम बताया गया है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रावण बताया है।*

# भाजपा नेताओं को भगवान और कांग्रेसियों को बताया राक्षस, मामला पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

इसी तरह से कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत को ताड़का, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को विभीषण बताया गया है। इस वीडियो को लेकर प्रदेश में बवाल मच गया है। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री की पीआर टीम पर आरोप लगाया है, इधर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने सोशल मीडिया में इसका जवाब देते हुए कहा है, मुख्यमंत्री की पीआर टीम का इस मामले से कोई सरोकार नहीं है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भूपेश का हमला

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा है- विष्णुदेव साय ने अपनी पीआर टीम के माध्यम से स्वयं को प्रभु राम घोषित कर दिया है। इतना ही नहीं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को महिलाओं को भी राक्षस प्रदर्शित किया है। मुख्यमंत्री जी, आप कुछ भी हो सकते हैं, ▸▸ शेष पेज 4 पर




### भाजपा का भूपेश पर पलटवार

*इस मामले में भूपेश बघेल को जवाब देते हुए सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने लिखा है- इस वीडियो का मुख्यमंत्री की कथित पीआर टीम से कोई संबंध नहीं है। यह विक्टिम कार्ड खेलने की साजिश नहीं है। जनता की सहज अभिव्यक्ति के रूप में इसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भावनाएं आहत हुई हैं, तो आप न्यायिक उपचार का सहारा ले सकते हैं। इस सरकार का दरवाजा हर प्रार्थी* ▸▸ शेष पेज 4 पर




### टीएस बोले

## सत्ता में आते ही भगवान समझने लगते हैं

इस मामले में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक्स पर लिखा है-सत्ता में आते ही भाजपा-आरएसएस वाले खुद को भगवान समझने लगते हैं। अब मुख्यमंत्री जी को श्री राम बता कर विपक्ष के लोगों, खास कर स्त्रियों को राक्षसी बता रहे हैं। कुछ वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने भी भरी संसद में विपक्ष की नेत्री की तुलना राक्षसी से की थी। तो जाहिर हैं ये महिला और आस्था विरोधी संस्कार कहां से आ रहे हैं और भाजपा नेताओं एवं समर्थकों ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस पहुंची थाने

इस मामले में कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने सिविल लाइन थाने में शिकायत करते हुए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भाजपा प्रवक्ता श्रीवास भी पहुंचे थाने

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास ने सिविल लाइन थाने में भूपेश बघेल के खिलाफ की शिकायत की है। उनका कहना है, भूपेश बघेल ने भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

## वीआईपी रोड पर बन रहे नए रिहायशी अपार्टमेंट में हुआ हादसा

# अविनाश ऐलीगेंसः सातवीं मंजिल की ढलाई में छत गिरी, आठ मजदूर दबे, दो की मौत



सातवीं मंजिल से गिरकर मलबे में दबे।

*वीआईपी रोड स्थित अविनाश एलिगेंस के निर्माणाधीन अपार्टमेंट में सातवीं मंजिल की ढलाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मजदूर काम कर रहे थे उसी वक्त निर्माणाधीन छत ढह गई। सभी मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे मजदूर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दो अन्य मजदूरों की हालत चिंताजनक है। घायल मजदूरों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना शनिवार दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच की है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने मौके पर राहत तथा बचाव कार्य करने के साथ घटना की जानकारी पुलिस के साथ अपने मालिक को दी।*

### दो मजदूरों की हालत चिंताजनक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हादसे में जिन दो मजदूरों की मौत हुई है, उनमें बलौदाबाजार निवासी रहमत बेग तथा दूसरा बलरामपुर निवासी रामदास पंडो है। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि जिन मजदूरों की मौत हुई है, वे दोनों टाइल्स लगाने का काम करने वाले मजदूर थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मजदूर जहां ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दुःखद समाचार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि निर्माणाधीन इमारत के गिरने से 2 लोगों की मृत्यु और कुछ लोगों के घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उच्चाधिकारियों को राहत और बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य जारी है।

## 36 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन गिरे साइलो को हटाया गया




मुंगेली/सरगांव। जिले के ग्राम रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्लांट दुर्घटना के 36 घंटे बाद जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया है। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार की देर रात स्मेल्टर प्लांट में लगभग 200 टन वजनी ▸▸ शेष पेज 4 पर







छत्तीसगढ़ शासन
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
महान संत, विचारक और युवाओं के मार्गदर्शक
स्वामी विवेकानंद जी
की जयंती पर हार्दिक
शुभकामनाएं
राष्ट्रीय
युवा
दिवस
2025
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

12012025-Cit-03_Layout 1 1/12/2025 1:23 AM Page 1

रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 | पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | वर्ष: 23, अंक: 177 | पृष्ठ: 14+4+4 = 22 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## रायगढ़ में 30 तालाबों पर कब्जा

रायगढ़ में तालाबों के गहरीकरण और सौंदरीकरण के लिए 20 करोड़ का फंड रखा गया था लेकिन चार सालों में इस पर कुछ नहीं हो सका। प्राइम लोकेशन में स्थित तालाबों की बेशकीमती जमीनें अतिक्रमण का शिकार हो रही हैं। ध्यान रहे कि रायगढ़ शहर की सीमा में करीब 30 तालाब हैं, जिनमें से सभी पर अतिक्रमण है। इसे हटाने की कोशिश कभी नहीं की गई। बाघ तालाब तो तकरीबन खत्म हो चुका है। इसके अलावा फटहामुड़ा, अतरमुड़ा, विजयपुर, भगवानपुर, जगतपुर, छातामुड़ा, सांगीतराई, कोकड़ीतराई आदि सभी जगहों पर तालाबों में अतिक्रमण है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## एनजीटी के निर्देश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

# छत्तीसगढ़ के 122 तालाबों पर अवैध कब्जे, कहीं घर बन गए तो कहीं स्कूल..!



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के छोटे-बड़े 122 तालाबों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। मामला सामने आने के बाद एनजीटी के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को चिट्ठी लिखकर इन तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। पांच महीने बीत जाने के बाद भी बिलासपुर से लेकर ⏭ शेष पेज 4 पर

### कार्रवाई हो रही

शहर के तालाबों को चिन्हांकित कर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कुछ तालाबों से कब्जे हटाए भी गए हैं। इसके साथ ही इनको संरक्षित करने और सौंदर्यीकरण करने का काम भी जारी है।

- **अवनीश शरण**, कलेक्टर बिलासपुर

हरिभूमि लाइव

### इन संभागों के इतने तालाबों पर हैं कब्जे

**बिलासपुर :** बछेरा तालाब, श्मशान घाट के पास डबरी, चांदमारी तालाब तालापारा, डिपुपारा छोटा तालाब, करबला, पैठू तालाब, जोगनी तालाब, नाग नागिन तालाब, पुराना तालाब, सलही तालाब, अरपा नदी, कोयलीपुरैना तालाब

**सरगुजा :** नमनाकला तालाब, करसु नाला, मझली पीढ़ नवा तालाब।

## शहर के दोनों तालाब में नहीं हटा बेजा कब्जा



**जगदलपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नगर निगम को आदेश दिया था कि दिसम्बर 2024 तक शहर के 2 जलाशय गंगामुण्डा तालाब और दीवान तालाब पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। इस संबंध में पूर्व आयुक्त हरेश मंडावी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा था कि आदेश का पालन करते हुए बेजा कब्जा हटाया जाएगा। उन्होंने दिसम्बर तक के समय को पर्याप्त बताया था, लेकिन इस बीच उनका तबादला कांकेर जिला पंचायत के सीईओ के पद पर हो गया। उसके बाद से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश ठंडे बस्ते में चला गया है। दो तालाब के वार्ड के पूर्व पार्षदों ने भी यह माना कि तालाब क्षेत्र में कब्जा किए हुए लोग यथावत हैं। वैसे भी अब नगरीय निकाय का कार्यकाल खत्म हो गया है और महापौर समेत सारे ⏭ शेष पेज 4 पर

## जमकर हो गया अतिक्रमण तालाबों का अस्तित्व संकट में



**गरियाबंद।** गरियाबंद में 16 हजार की आबादी वाले नगर पालिका क्षेत्र में निस्तारी के लिए 3 तालाब शासन के रिकार्ड में है। जिसमें छिंद तालाब देवानिन तालाब नया तालाब और माहरीन ड़बरी प्रमुख हैं। शहर के बीचों बीच इन सभी ⏭ शेष पेज 4 पर

## एनजीटी के निर्देश के बाद भी तालाबों का सीमांकन नहीं



**दुर्ग।** एनजीटी द्वारा दुर्ग-भिलाई के दर्जनभर तालाबों को कब्जे से मुक्त करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद निगम ने बकायदा टीम भी बनाई थी। वर्ष 2024 के शुरूआती दौर में एनजीटी ने निगम प्रशासन को सख्त निर्देश ⏭ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी कल सोनमर्ग सुरंग का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। 12 किलोमीटर लंबी सुरंग सहित



पूरी परियोजना पर 2,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और संपर्क सड़कें शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग लेह जाने के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में यातायात को सुगम करेगा।

### 'गेम चेंजर' ने पहले दिन कमाए 186 करोड़

**नई दिल्ली।** तेलुगु फिल्मों के अभिनेता राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' ने रिलीज के पहले दिन वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर




186 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म निर्माता एस शंकर ने इसका निर्माण किया है। प्रोडक्शन बैनर 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस' ने सोशल मीडिया मंच पर पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर हुई कमाई के आंकड़ों को साझा किया।

# पीएससी घोटाला : सोनवानी का भतीजा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का भतीजा नितेश सोनवानी तथा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को सीबीआई ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। दोनों को सीबीआई ने शुक्रवार को पूछताछ करने तलब किया था। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सीबीआई ने सोनवानी तथा पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर को गिरफ्तार कर अवकाशकालीन कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने दो दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले की जांच राज्य सरकार की अनुसंसा पर सीबीआई कर रही है। भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने पूर्व में सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के साथ बजरंग पावर के पूर्व डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। श्रवण पर आरोप है कि उसने अपने बेटे शशांक तथा बहू भूमिका को नौकरी दिलाने के लिए सोनवानी के करीबी एनजीओ को सीएसआर मद से 45 लाख रुपए दिए थे।

### परीक्षा भर्ती घोटाला में अब तक चार गिरफ्तार

- आरोपियों से पूछताछ करने कोर्ट में मिली दो दिन की रिमांड



**लगातार पूछताछ जारी :** पूर्व में छापे की कार्रवाई के बाद सीबीआई को भर्ती घोटाला को लेकर कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। साक्ष्य का मिलान करने के बाद सीबीआई संबंधित लोगों को बुलाकर लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने भर्ती घोटाला को लेकर कई लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने तलब किया है।

### पैसा लेकर नेता, अधिकारियों के रिश्तेदारों को नौकरी

सीजीपीएसपी के पूर्व चेयमैन सोनवानी पर आरोप है कि उसने परीक्षा भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है। उस पर कांग्रेस नेताओं तथा अफसरों के 18 रिश्तेदारों को पैसा लेकर नौकरी लगवाने का आरोप है। जांच में लेन-देन के साक्ष्य मिलने के बाद सीबीआई ने टामन सिंह तथा श्रवण गोयल की पहली गिरफ्तारी की। सीबीआई की कार्रवाई को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि नितेश तथा ललित से पूछताछ के बाद आने वाले दिनों में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## नारायणपुर एसपी ने की घोषणा

# आईईडी की सूचना देने वाले को पांच हजार का इनाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

खबर का असर

नुकसान पहुंचाने के लिए माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम की सूचना देने वाले को पुलिस कप्तान 5 हजार रुपए का इनाम देंगे। यही नहीं, इस सूचना देने वाले के संबंध में पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर को नक्सली मुक्त करने के आह्वान के बाद बस्तर में सुरक्षा बल के जवान बीहड़ों में घुसकर ⏭ शेष पेज 4 पर

### पुलिस की ग्रामीणों से अपील...

एसपी प्रभात कुमार ने उक्त घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की गई है कि क्षेत्र में आईईडी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देवें, ताकि समय ⏭ शेष पेज 4 पर

*जमीन विवाद बनी हत्या की वजह*

# ट्रिपल मर्डर : एक ही परिवार से जुड़े 23 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सूरजपुर

खड़गवां चौकी अंतर्गत ग्राम केरता में हुए ट्रिपल मर्डर के मामले में पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जमीन को लेकर युवक और उसके माता-पिता को मौत के घाट उतार दिया था। गिरफ्तार किए गए सभी एक ही परिवार से जुड़े हुए हैं। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश ⏭ शेष पेज 4 पर



- वारदात में दो महिलाएं भी शामिल, जमीन विवाद में युवक और उसके माता-पिता को उतारा मौत के घाट

### ये हुए गिरफ्तार

एक साथ तीन लोगों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने ग्राम केरता डुबकापारा के 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 62 वर्षीय राजकुमार आ. स्व. फगना राम, 60 वर्षीय मंधारी राम आ. स्व. फगना राम, 48 वर्षीय ⏭ शेष पेज 4 पर

# जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण तय, ओबीसी की एक भी सीट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकायों के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण तय हो गया है। आरक्षण सूची में अनुसूचित जनजाति के लिए 16 सीटों को आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति के लिए चार सीट, सामान्य के लिए 13 सीटों को आरक्षित किया गया है। सूची में ओबीसी के लिए एक भी सीट नहीं है। निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में रविवार को जिला पंचायत ⏭ शेष पेज 4 पर

- अनारक्षित 13 एसटी 16 और एससी के लिए 4 पद आरक्षित

### अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित

जिला पंचायत अध्यक्ष पद अनारक्षित पुरुष वर्ग के लिए रायपुर, महासमुंद, कबीरधाम, मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़, धमतरी का आरक्षण किया गया वहीं महिलाओं के लिए रायगढ़, सक्ती, बेमेतरा, राजनांदगांव, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और बलौदाबाजार-भाटापारा को रखा गया है।

**अनुसूचित जाति :** अनुसूचित जाति वर्ग से जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पुरुष वर्ग के लिए बिलासपुर और गरियाबंद की सीटें आरक्षित की गई है। वहीं जांजगीर और दुर्ग जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष का पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई है।

# रेलवे स्टेशन पर ढही इमारत 20 से अधिक मजदूर घायल

**कन्नौज।** यूपी के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन दो मंजिला एक इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में 20 से अधिक मजदूर दब गए। हादसे का संज्ञान लेते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।



- जांच के लिए समिति गठित

### सीएम योगी ने दिए निर्देश

इस घटना का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और उनका उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित छह प्रदेश प्रतिनिधि भी चुने गए

# राजनांदगांव में कोमल जिलाध्यक्ष, सौरभ महामंत्री, कवर्धा का चुनाव फिर अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव में राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष का पेंच सुलझ गया। कोमल राजपूत को जिलाध्यक्ष और सौरभ कोठारी को महामंत्री बनाकर मामला सुलझा लिया गया। दोनों पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय के समर्थक हैं। शनिवार को नामांकन के बाद जिलाध्यक्ष के नाम के साथ महामंत्री के नाम का भी ऐलान कर दिया गया है। कवर्धा में ⏭ शेष पेज 4 पर



**ये बने प्रदेश प्रतिनिधि :** राजनादंगांव में जिलाध्यक्ष के चुनाव के साथ ही वहां पर छह प्रदेश प्रतिनिधि भी बनाए गए हैं। इनमें पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, मधुसूदन यादव, प्रदेश के संगठन महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती और गीता घासी साहू शामिल हैं। इनमें से विधानसभाओं के चार प्रतिनिधि दो कलस्टर के प्रतिनिधि हैं।

### कवर्धा में नहीं बनी सहमति

राजनांदगांव का मामला तो सुलझ गया है, पर कवर्धा में मामला फंसा हुआ है। पहले शनिवार को यहां भी चुनाव कराने का ऐलान किया गया था, लेकिन सुबह वहां से चुनाव का पेंच न सुलझने की जानकारी आने पर चुनाव रोक दिया गया। कवर्धा में भी राजनांदगांव की तरह ही अध्यक्ष और महामंत्री के नाम की घोषणा करने का फार्मूला तय किया गया, लेकिन कौन अध्यक्ष हो और कौन महामंत्री इसको लेकर सहमति नहीं बन सकी है। जहां गृह मंत्री विजय शर्मा की तरफ से देवकुमारी चंद्रवंशी का नाम आया है, वहीं सांसद संतोष पांडेय और विधायक भावना बोहरा का राजेंद्र चंद्रवंशी को समर्थन है।



**उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा यमुना व छिपी हुई सरस्वती नदी के संगम तट पर महाकुम्भ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। भारतीय सनातन संस्कृति में महाकुम्भ का विशेष महत्व है। यह केवल आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक आस्था का ही महापर्व नहीं है, बल्कि इसमें भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के भी बीज हैं। इस बार के महाकुम्भ से सरकार को लगभग दो लाख करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। सरकार को आय महाकुम्भ मेला से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों से होगी। इसमें रोडवेज, रेलवे, विमानन, संचार, पर्यटन व नागरिक सुविधा प्रमुख हैं, जिन्हें आमदनी होगी। इसके अलावा निजी क्षेत्र से होने वाली आय से टैक्स भी भारी मात्रा में सरकार को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने महाकुम्भ को आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का समागम कहा है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक जनसमागम के आयोजन के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 34 हजार करोड़ रुपये निवेश किए गए हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण में आबद्ध एजेंसी के अनुमान के अनुसार 10 से 12 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु रेलवे से तो चार से पांच करोड़ के करीब श्रद्धालु रोडवेज बसों से आएंगे। इनसे लगभग दो लाख लोगों को रोजगार मिलेंगे। करीब 45 हजार टूर आपरेटरों को रोजगार मिलेगा। अनुमानित रिपोर्ट के अनुसार टूर व ट्रैवेल सेक्टर में रोजगार की संख्या 85,000 हो सकती है। असंगठित क्षेत्र में लगभग एक लाख नई नौकरियां मिल चुकी हैं, जिनमें टूर गाइड, टैक्सी ड्राइवर, दुभाषिये, स्वयंसेवक, नाविक आदि शामिल हैं। महाकुम्भ से प्रयागराज मेला प्राधिकरण को लगभग 2000 करोड़ रुपये की आय हो सकती है। आस्था के इस महापर्व के सांस्कृतिक महत्व और अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभ का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# हमारी संस्कृति में छिपे हैं आर्थिकी के बीज



**महाकुम्भ**

विनोद पाठक

स्वतंत्र पत्रकार

> **भारत को धार्मिक स्थलों और मेलों का देश कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक सैकड़ों छोटे-बड़े मेले लगते हैं। 5000 से अधिक धार्मिक स्थल हैं। भारत ही नहीं, दुनिया भर में धार्मिक स्थल और मेले अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने के केंद्र बिंदु हैं। भारत के करीब-करीब सभी राज्यों में अनेक बड़े धार्मिक स्थल हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अभी अयोध्या और काशी में ही देखा गया, यहां से किस तरह से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एकाएक बूस्टर डोज मिला है। गुजरात, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे राज्यों में मंदिरों से होने वाली आय राज्य सरकार को बड़ा संबल प्रदान कर रही है।**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर इन दिनों दुनिया का सबसे बड़ा अस्थाई शहर बस चुका है। इसी अस्थाई शहर में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक दुनिया का सबसे बड़ा मेला महाकुंभ आयोजित होने जा रहा है। 4200 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले महाकुंभ मेला क्षेत्र में न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचना शुरू हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दावा है कि 40-45 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक इस बार महाकुंभ मेले में आएंगे। यही कारण है कि छोटी से लेकर बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों की नजरें महाकुंभ मेले पर हैं। महाकुंभ मेले की तैयारियों पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी भारी राशि का निवेश किया है। अनुमान है कि महाकुंभ मेले से न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने वाली है।

भारत को धार्मिक स्थलों और मेलों का देश कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक सैकड़ों छोटे-बड़े मेले लगते हैं। 5000 से अधिक धार्मिक स्थल हैं। भारत ही नहीं, दुनिया भर में धार्मिक स्थल और मेले अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने के केंद्र बिंदु हैं। भारत के करीब-करीब सभी राज्यों में अनेक बड़े धार्मिक स्थल हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में भूमिका निभा रहे हैं। अभी अयोध्या और काशी में ही देखा गया, यहां से किस तरह से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एकाएक बूस्टर डोज मिला है। अयोध्या में पिछले वर्ष जनवरी से सितंबर तक 13.56 करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे थे, जबकि इसी अवधि में आगरा में 12.51 करोड़ लोग ताजमहल को देखने के लिए पहुंचे थे। इस बार नववर्ष के पहले ही दिन 8 लाख लोग काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में दर्शनों को पहुंच गए। गुजरात, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे राज्यों में मंदिरों से होने वाली आय राज्य सरकार को संबल प्रदान कर रही है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में बड़े मेले लगते हैं। प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने करीब 15,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। 566 प्रोजेक्ट्स चलाए हैं।

## मेला क्षेत्र को बसाने में 21 विभाग शामिल

मेला क्षेत्र को बसाने में 21 विभागों की भागीदारी रही है। इस बार मेले का आकार भी बढ़ाया गया है। वर्ष 2019 के अर्द्धकुंभ में 3200 हेक्टेयर में मेला क्षेत्र था, जो इस बार 4200 हेक्टेयर हो गया है। सेक्टरों की संख्या 20 से बढ़कर 25 हो गई है। घाटों की लंबाई 8 किलोमीटर से बढ़कर 12 किलोमीटर हुई है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए 1850 हेक्टेयर में पार्किंग बनाई गई है। पांटून पुल की संख्या 22 बढ़ाकर 30 की गई है। डेढ़ लाख अस्थाई और 1.5 लाख अस्थाई और 500 स्थाई शौचालय बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में पौने दो लाख से अधिक टेंट लगे हैं और 25,000 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। 67,000 एलईडी लाइट्स मेला क्षेत्र को दूधिया रोशनी प्रदान कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7260.45 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है, जिससे 441 प्रोजेक्ट और 125 डिपार्टमेंटल प्रोजेक्ट्स पूर्ण हुए हैं। इनमें 75 प्रतिशत पर स्थाई स्ट्रक्चर हैं। सबसे अधिक 42 प्रतिशत बजट पुल और रोड के डेवलपमेंट पर खर्च हुआ है।



## 2 लाख करोड़ की आर्थिक वृद्धि का दावा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि महाकुंभ मेले से राज्य में 2 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक वृद्धि दर्ज होगी। वर्ष 2019 के कुंभ ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार को महाकुंभ मेले से 25,000 करोड़ रुपये का सीधे राजस्व की प्राप्ति होगी, जो किराए, सेवा शुल्क और टैक्स के रूप में मिलेगा। छोटे दुकानदार से लेकर होटल इंडस्ट्री, ट्रांसपोर्टेशन, फूड इंडस्ट्री, रिटेल टूर एंड ट्रैवल, गारमेंट जैसे अनेक सेगमेंट्स को फायदा मिल रहा है। महाकुंभ मेले क्षेत्र में बसी टेंट सिटी में 2000 से लेकर 80,000 रुपये तक के लक्जरी टेंट उपलब्ध हैं। केवल महाकुंभ मेले की तैयारियों से 45,000 से अधिक परिवारों को सीधा रोजगार मिला है। देशभर में महाकुंभ मेले से लोगों को रोजगार और आर्थिक लाभ हो रहा है। इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 1882 में ब्रिटिश सरकार के समय प्रयागराज में कुंभ मेले के आयोजन पर सरकारी कोष से 20,228 रुपये खर्च हुए थे, जबकि 49,840 रुपये की आमदनी के साथ 29,612 रुपये का लाभ सरकार को हुआ था। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में धार्मिक पर्यटन के लिए 67.7 करोड़ लोग निकले थे, यह संख्या वर्ष 2022 में 143.9 करोड़ तक पहुंच गई। वर्ष 2022 में धार्मिक पर्यटन से राजस्व 7.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 16.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

## श्रद्धालुओं-पर्यटकों को लुभाने में जुटे ब्रांड

वर्ष 2023 में भारत में धार्मिक पर्यटन मार्केट 1172.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का था, जो वर्ष 2024 से 2032 के बीच 17.75 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 5102.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को लुभाने के लिए छोटे-बड़े ब्रांड जुटे हैं। रिटेल स्टेट सलाहकार सीबीआरआई ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि तिरुपति, पुरी, अमृतसर, अजमेर जैसे मझले आकार के शहरों में रिटेल ब्रांड अपने प्रॉडक्ट्स को उतार चुके हैं। अमृतसर, अजमेर, कटरा, सोमनाथ, वाराणसी, शिरडी, पुरी, अयोध्या, मथुरा, तिरुपति, द्वारका, बोधगया, गुरुवयूर और मदुरै में आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि का लाभ रिटेल ब्रांड उठा रहे हैं। दुनिया की सभी बड़ी फूड इंडस्ट्रीज भारत में धार्मिक पर्यटन स्थलों पर रुख कर चुकी हैं।

## महाकुंभ में पहली बार उच्च तकनीक का प्रयोग

वर्ष 2014 में देश की सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार्मिक स्थलों के विकास पर खास जोर दिया है। धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और कनेक्टिविटी पर सरकार बहुत तेजी से काम कर रही है। स्वदेश दर्शन और प्रसाद जैसी कई योजनाओं के माध्यम से 120 परियोजनाएं चलाई गई हैं, जिन पर 6800 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। देश में 1.5 लाख किलोमीटर का रोड नेटवर्क बिछाया जा चुका है। 500 से अधिक नए हवाई मार्ग और 150 से अधिक नए एयरपोर्ट्स से एयर कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी हुई है। 100 से अधिक पर्यटक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पिछले 10 साल में पूरी की गई हैं। महाकुंभ का प्रचार भारत समेत दुनियाभर में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को तीर्थराज प्रयाग में लाया जा सके। पहली बार महाकुंभ में उच्च तकनीक का प्रयोग हो रहा है। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर से लेकर कुंभ सहायक चैटबॉट, जो 11 भारतीय भाषाओं में संवाद में सक्षम है, को लॉन्च किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैस फेस रीडिंग कैमरे लगाए गए हैं। एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किया गया है। टॉयलेट सफाई से लेकर पुलिस व्यवस्था के लिए एप्स बनाए गए हैं। पहली बार दुनिया में किसी अस्थाई शहर में गूगल नेविगेशन की सुविधा दे रहा है। पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज आए थे और गंगा पूजन किया था, तब उन्होंने महाकुंभ को महापर्व कहा था। अगले 45 दिनों में इसी महापर्व में विश्व का सबसे बड़ा मानवों का एकत्रीकरण होने वाला है। 6 बड़े स्नान पर्वों पर करोड़ों लोग पावन गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे और यह डुबकी देश की अर्थव्यवस्था को एक नया मार्ग दिखाने वाली होगी। यह आध्यात्मिक - सांस्कृतिक रूप से देश को और आगे बढ़ाने वाली होगी। महाकुंभ केवल स्नान और पुण्य कमाने का पर्व नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश व देश की इकोनॉमी को नई दिशा और नई गति देने वाला भी होगा। असंगठित क्षेत्र में लगभग एक लाख नई नौकरियां मिल चुकी हैं, जिनमें टूर गाइड, टैक्सी ड्राइवर, दुभाषिये, स्वयंसेवक, नाविक आदि शामिल हैं। महाकुंभ से प्रयागराज मेला प्राधिकरण को लगभग 2000 करोड़ रुपये की आय होगी। विज्ञापन से 30 करोड़, पार्किंग स्थलों से 55 करोड़, यात्री निवासों से 30 करोड़, कामर्शियल प्लाटों की बिक्री से लगभग 100, दुकानों से 60 करोड़ रुपये की आय हो रही है। इसके अलावा विभिन्न होटल कंपनियों, रेस्टोरेंट, वेंडिंग जोन, प्रदर्शनियों में होने वाले उत्पादों की बिक्री से भी 250 करोड़ रुपये आय की उम्मीद है।

# मानव सभ्यता संस्कृति का अद्भुत समागम



**कुम्भ**

अखिलेश कुमार

स्वतंत्र पत्रकार एवं संस्कृतिवेत्ता

सांसारिक और आध्यात्मिक समागम का अद्भुत पर्व, उत्सव व मेला दुनिया में यदि कोई है तो भारत में आयोजित होने वाले कुंभ में देखा जा सकता है। वेदों में कुम्भ यह जगत है। यह शरीर भी कुम्भ है और पानी पीने वाला घड़ा भी कुम्भ ही है। आकाश भी कुम्भ है और यह ब्रह्मांड भी कुम्भ है। यानी कुम्भ के तमाम मायने हैं। वैदिक संस्कृति वनों, नदियों के संगमों, पर्वत की कदराओं में जन्मी और पली-बढ़ी है। वेद के मंत्र आया है-उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनाम, धियो विप्रां अजायत यानी नदियों के संगम और पर्वतों की गुफाओं पर बुद्धिमान ज्ञानी जन पैदा होते हैं। इसका मतलब यह है कि एकान्त, शीतल, और शांत स्थानों में साधना करने पर बुद्धि सूक्ष्म और तेज हो जाती है।

## माघ मेले का विशाल रूप कुम्भ

वेदों में ज्ञान को सबसे पवित्र और बहुमूल्य बताया गया है। मंत्र में आया है-न हि ज्ञानेनसदृशं पवित्रमिह विद्यते। विद्या धनं सर्व धनंप्रधानम। सर्वेषाम दानानाम ब्रह्मदानम विशिष्यते। ऋते ज्ञानान्न मुक्ति। यानी बिना ज्ञान के मुक्ति नहीं मिलती। सब दुखों का मूल अज्ञान है। इसलिए कुम्भ कभी ज्ञान चर्चाओं के लिए जाने जाते थे। यहां वेद शास्त्रों की चर्चाएं, शास्त्रार्थ और वेदोपदेश हुआ करते थे। एकता, संगठन और सवालों के समाधान कुम्भ मेलों के अवसर पर हुआ करते थे। इसलिए कुम्भ की महत्ता हमेशा बनी रही। वैदिक ऋषि-महर्षियों ने कुम्भ के ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण इसलिए माना कि जिससे आम और खास यानी गरीब और अमीर दोनों अपनी जिंदगी को उपयोगी, सफल और मर्यादित बनाने के लिए वैदिक ज्ञान विज्ञान को समझ सकें। नक्षत्र गणना पर ज्योतिष भी आधारित है। प्रयागराज में हर वर्ष एक महीने का इसी स्थान पर माघ मेले का आयोजन होता है। कुम्भ का आयोजन माघ मेले का विशाल रूप है। संगम या त्रिवेणी पर स्नान का महत्त्व पुराणों में बताया गया है। संत तुलसी दास ने रामचरित मानस में लिखा है-माघ मकर गति रवि जब होई/ तीरथ पतिहि आव सब कोई। देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहि सकल त्रिवेनी/ पूजहि माधव पद जल जाता। परसि अखय वट हरषहि गाता, इन पंक्तियों में महाकुम्भ की खूब तारीफ की गई है। आम आदमी इस महत्त्व को सनातन काल से जानता और मानता आया है। कुम्भ देश की चार नदियों के किनारे लगता है। दो तो गंगा के किनारे प्रयागराज और हरिद्वार में ही लगते हैं। इस कुम्भ की भव्यता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि दुनिया में इतना विशाल जनमानस श्रद्धा व विश्वास के नाम पर एक खास नक्षत्र और तिथि पर एक स्थान पर और कहीं इक्ट्ठे नहीं होते हैं। अद्भुत या अद्वितीय शब्द भी इसके लिए बहुत छोटा है। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं।

कुम्भ शब्द वेदों से संस्कृत के तमाम ग्रंथों, अनेक भाषाओं में लिखे धार्मिक ग्रंथों और जन श्रुतियों के जरिए जन मानस का हिस्सा बन गया। वेदों से ही यह समाज, धर्म, संस्कृति, कला और साहित्य में भी आया। वेदों में वर्णित कुम्भ आध्यात्मिक और लौकिक परंपरा का आनंदमय हिस्सा रहा है। पौराणिक परंपरा में कुम्भ का महत्व



सदियों से रहा है। यह विश्व का ऐसा अद्भुत, विशाल और दिव्य मेला है जिसमें न कोई खास होता है और न आम। यही वजह है कि इसकी महत्ता सबके लिए हमेशा बनी रही। कुम्भ सनातन पौराणिक परंपरा का उत्सव, मेला, विश्वास, धर्म संवाद और शास्त्रार्थ करने का विशेष अवसर के रूप में भी जाना जाता है। वेद में जिस कुम्भ का वर्णन है, वह कुम्भ हमारा शरीर है।

## आवागमन से मिलता मोक्ष

इस शरीर को यज्ञशाला भी कहा गया है। जिसमें दी गई शुभ संकल्पों की आहुति कभी बेकार नहीं जाती। इस कुम्भ यानी घड़े की महत्ता तब और भी बढ़ जाती है जब इसके पवित्र जल से निरंतर आचमन करते रहने का हम संकल्प लेते हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती नदियों का वर्णन वेदों में भी है लेकिन अलंकारिक रूप में। पौराणिक परंपरा में जिन चार स्थानों पर कुम्भ का आयोजन होता है उनमें तीर्थराज प्रयाग, नासिक, हरिद्वार और उज्जैन है। चारों तीर्थस्थानों पर लगने वाले कुम्भों का अपना महत्व है। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि कुम्भ बारह होते हैं जिसमें से चार का आयोजन धरती पर होता है और बाकी का देवलोक में। प्रयाग और हरिद्वार में लगने वाले कुम्भ मेले के बीच तीन साल का अंतर होता हैं। इसी तरह प्रयाग और नासिक में लगने वाले कुम्भ मेले के बीच तीन साल का अंतर होता है। कुम्भ की परम्परा निराली है। हर छह साल में अर्ध कुम्भी मेले का आयोजन होता है। बारह साल में कुम्भ और छत्तीस और एक सौ चौवालीस साल में महाकुम्भ का आयोजन होता है। इस वर्ष प्रयागराज में लगने वाला दुनिया का सबसे बड़ा मेला कुम्भ है जो छत्तीस साल बाद लग रहा है।

पौराणिकों में यह मान्यता रही है कि गंगा में स्नान करने से सारे पाप दूर हो जाते हैं और कुम्भ के अवसर पर नहाने से आवागमन से छुटकारा मिल जाता है। यह तो मान्यता की बात हुई। कुम्भ की शुरुआत कब हुई इसे लेकर कोई एक मत नहीं है। वेदों में कुम्भ शब्द आने की वजह से यह कहना मुश्किल है कि कुम्भ की शुरुआत वेदों के प्रकटन से हुई या पुराणों की रचना यानी ढाई-तीन हजार साल पहले। चीनी यात्री ह्वेनसांग अपने यात्रा विवरण (644) में लिखता है भारत के तत्कालीन चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन माघ के महीने में प्रयागराज में आयोजित पांच साल में आयोजित धर्मसभा में अपना सब कुछ लुटाकर (दानकर) वापस अपने राज्य लौट जाते थे। कुछ विद्वानों का यह भी कहना है कि 9वीं सदी में आदिगुरु शंकराचार्य ने पुरी, द्वारका, श्रृंगेरी व बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना करके के बाद लोककल्याण के नजरिए से कुम्भ की परंपरा की शुरुआत की थी। चैतन्य महाप्रभु के जीवनवृत में भी-कुम्भ महापर्व का चिक्र मिलता है। 14वीं शताब्दी के विद्वान सरस्वती गंगाधार की मराठी पुस्तक गुरुचरित्र तथा नासिक से मिले एक ताम्रपत्र से भी नासिक में आयोजित होने वाले कुम्भ का विवरण मिलता है।

## सुरक्षा रहेगी चाक-चौबंद

प्रयाग शब्द से पता चलता है कि यह स्थान यज्ञादि और वेदों के स्वाध्याय व शिक्षा के नजरिए से सनातन से प्रसिद्ध रहा है। प्रयागराज कभी साहित्य, राजनीति और शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र हुआ करता था। लेकिन अब इलाहाबाद पौराणिक नगरी प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध हो गया है। धर्म स्थलों में प्रयाग की महिमा महर्षि वाल्मीकि, संत तुलसीदास, वेदव्यास और कालिदास जैसे अनेक विश्व प्रसिद्ध कवियों ने खूब गाई है। आज प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में लगने वाले कुम्भों से समाज, संस्कृति, जीवन-दर्शन, ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म, धर्म और कलाओं के निर्माण का अजस्रोत बहता दिखाई देता है। राज्य सरकार ने कुम्भ को सफल बनाने में अपनी सारी ताकत झोंक दी है। इसलिए हर तरह की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा गया है।

# अमरत्व व मोक्ष की आस्था का महाकुम्भ



**धर्म-संस्कृति**

डॉ. चन्द्र त्रिखा

वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार

महाकुंभ की परम्परा कब चली थी, कोई प्रामाणिक इतिहास स्पष्ट नहीं। जो भी है, पौराणिक आरफानों पर आधारित है। मगर करोड़ों देशवासियों ने इसे मान्यता प्रदान की है। इस धार्मिक-पर्यटन व आस्था की यात्रा पर हर 12 वर्ष बाद करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार प्रदेश की सरकार ने 40 करोड़ यात्रियों के लिए अधिकृत रूप से व्यवस्था की है। सुरक्षा-कवच बना रहे इसके लिए भी हजारों की संख्या में अर्द्धसैनिक बल, लाखों की संख्या में सशस्त्र पुलिस बल, एआई. की टीमें, हजारों की संख्या में 'ड्रोन'-तैनात, ये समूचा हाईटैक-तंत्र, किसी भी अप्रिय हादसे से बचाव के लिए मुस्तैदी के साथ तैनात है। सर्वाधिक कड़े प्रबंध 'वी.आई.पी.' श्रद्धालुओं के लिए हैं। इनमें प्रधानमंत्री, अनेक केन्द्रीय मंत्री, लगभग डेढ़ दर्जन मुख्यमंत्री, उच्चधिकारीगण, लगभग सभी शंकराचार्य असंख्य महामंडलेश्वर, 14 अखाड़ों के लाखों श्रद्धालु, लगभग 5 लाख नागा साधू, विश्वभर से इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया व डिजिटल टीम की टीमें, सभी मौजूद रहेंगे।

## प्राचीन शिलालेखों में भी उल्लेख

कुम्भ-मेला हमारे देश की एक धरोहर भी है। वैसे तो इस मेले से जुड़े कई रहस्य हैं, लेकिन उनमें से एक सबसे खास यह भी है कि पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश से गिरती बूंदों के कारण कुंभ मेले से जुड़े विशेष स्थलों हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज को विशेष महत्व मिला। वहीं, ऐतिहासिक दृष्टि से महाकुंभ का पहला उल्लेख प्राचीन शिलालेखों में भी मिलता है। आज भी लाखों लोग इस आयोजन से जुड़े कई रहस्यों और तथ्यों से अनजान हैं। जैसे, पहला महाकुंभ मेला कब और कहां आयोजित हुआ था? यह आयोजन किन ज्योतिषीय घटनाओं से जुड़ा है? नागा साधु और शाही स्नान की परंपरा कैसे शुरू हुई?

महाकुंभ का आयोजन हर 12 साल में होता है और यह मेला विशेष रूप से संगम-तट पर आयोजित किया जाता है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य नदी सरस्वती आकर मिलती हैं। इस अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु यहां आते हैं और पवित्र शाही स्नान करके अपने पापों से मुक्ति का एहसास अपने भीतर जीवित रखते हैं, यद्यपि स्नानादि से निवृत्ति के बाद लौटने पर सब पाप-पुण्य पूर्ववत जारी हो जाते हैं। पौराणिक मान्यताओं की मानें तो महाकुंभ मेला की शुरुआत सतयुग से हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि इसका आधार समुद्र मंथन की उस कथा में हैं, जहां अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक पर गिरी थीं।

## हर 6 साल में अर्द्धकुंभ

महाकुंभ मेला की ऐतिहासिक शुरुआत को लेकर प्राचीन ग्रंथों में सटीक जानकारी नहीं मिलती है। कई ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है, लेकिन इनमें मेले के पहले आयोजन के समय और स्थान को लेकर स्पष्टता नहीं है। वहीं कुछ विद्वानों का मानना है कि महाकुंभ की परंपरा 850 साल पहले शुरू हुई थी और अब तक हर 12 साल बाद इसका आयोजन प्रयागराज में होता है। वैसे हर 6 साल में अर्द्धकुंभ का आयोजन होता है। इस महाकुंभ मेले का इतिहास आज भी कई रहस्यों से भरा हुआ है। यद्यपि वर्तमान स्वरूप में यह आयोजन 850 साल से भी ज्यादा पुराना है। अगर हम इसकी शुरुआत की बाते करें तो इसका आयोजन सबसे पहली बार आदि शंकराचार्य द्वारा किया गया था। कुछ कथाओं के अनुसार महाकुंभ मेले का अयोजन समुद्र मंथन के बाद से ही आरंभ हो गया था। जिन स्थानों पर भी समुद्र मंथन से निकले हुए अमृत कलश का अमृत गिरा था, उसी समय से वहां एक बहुत बड़े मेले का आयोजन होने लगा। ऐसी मान्यता है कि उस स्थान की नदियों के जल में भी अमृत है और उसमें स्नान करने वाले अमृत का पान कर लेते हैं और उन्हें मोक्ष मिलता है।

## अखाड़ों की भी रखी गई नींव

समुद्र मंथन के बाद ही गुरु शंकराचार्य और उनके शिष्यों द्वारा संन्यासी अखाड़ों के लिए संगम तट पर शाही स्नान की व्यवस्था की गई थी और तभी से अखाड़ों की नींव भी रखी गई। महाकुंभ की शुरुआत समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के साथ हुई, लेकिन इससे जुड़ी एक और कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार जब देवराज इंद्र के पुत्र जयंत कौए के रूप में अमृत कलश लेकर जा रहे थे तो उनकी जीभ पर भी अमृत की कुछ बूंदें लग गई थी। इसी वजह से आज भी कौए की उम्र अन्य पक्षियों की तुलना में लंबी होती है। जब जयंत अमृत कलश लेकर भाग रहे थे तो कुछ बूंदें प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार और नासिक में गिरीं जिसकी वजह से ये स्थान पवित्र स्थल बन गए और यहां महाकुंभ का आयोजन होने लगा।

## हर 12 साल बाद महाकुंभ



वहीं उसी समय इस अमृत की कुछ बूंदें दूर्वा घास पर भी पड़ीं और उसकी समय से इसे भी पवित्र माना जाने लगा और पूजा-पाठ में इसका इस्तेमाल होने लगा। यही नहीं, इस घास को भगवान गणपति की प्रिय घास माना जाने लगा। प्रयागराज में हर 12 साल बाद महाकुंभ का आयोजन होता है जिसका महत्व सबसे ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह है कि इसी स्थान पर तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। हालांकि सरस्वती नदी विलुप्त हो चुकी है लेकिन आज भी वो प्रयागराज में मौजूद है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति इन तीन नदियों के संगम में शाही स्नान करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी वजह से प्रयागराज के महाकुंभ का महत्व सबसे ज्यादा है। इस महाकुम्भ से सरकार को लगभग दो लाख करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। महाकुंभ मेला से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों-रोडवेज, रेलवे, उड्डयन, संचार, पर्यटन प्रमुख विभाग हैं जिन्हें खासी आमदनी होने जा रही है।


MARUTI SUZUKI ARENA
कीमत बढ़ने से पहले खरीदें
कीमतें बढ़ने से पहले विशाल रेंज में से अपनी पसंद चुनें।
अपनी मनपसंद कार्स पर भारी बचत करें।
50% रोड टैक्स छूट^
ऑफ़र 31 जनवरी तक मान्य
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
विशेष ऑफर
WAGONR ₹81 100* | ALTO K10 ₹81 100* | S-PRESSO ₹76 100*
BREZZA ₹48 000* | SWIFT ₹81 100* | CELERIO ₹76 100* | EECO ₹46 100*
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
T&C Apply Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Offer valid with selected financiers only. **3 years or 100 000 km whichever is earlier. Offer valid till Stock Lasts in Chhattisgarh only. ^One time 50% rebate in Motor Vehicle tax in payment of lifetime tax of vehicles by Chhattisgarh Govt. Above offers are valid till 31st January, 2025.

# जैकेट के शेष

## भाजपा नेताओं को ....

कांग्रेस ने इस मामले की शिकायत भाजपा के नाम से थाने में करते हुए एफआईआर की मांग की है।

इंस्टाग्राम पर सुबह को एक 50 मिनट का वीडियो रामायण के पात्रों के साथ जारी किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह सहित कई भाजपा नेताओं को रामायण के पात्रों के साथ बताया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को दशरथ बताया गया है। इसमें कांग्रेसी नेताओं को रावण से लेकर ताड़का, विभीषण बताया गया है।

**राधिका खेड़ा का भी हमला** : इस मामले में भाजपा नेत्री जो पहले कांग्रेस में थी, राधिका खेड़ा ने लिखा है-सरकार की पीआर टीम छत्तीसगढ़ की जनता है। यह वीडियो जनता की भावना का प्रमाण है। लेकिन आप जनता की भावना क्या समझेंगे। आप तो सिर्फ रुपए की भावना समझते हैं। घोटालों की भाषा समझते हैं, बहन बेटियों को अपमानित करने की भाषा समझते हैं। तभी तो छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सबसे बुरी हार आपके रावण शासन में हुई। आपकी राजनीति भ्रष्टाचार, अपराधियों को बचाने और वोटबैंक के लिए जनता को ठगने की मिसाल बन चुकी है। इस वीडियो के माध्यम से जनता ने आपकी सच्चाई को उजागर किया है।

## भूपेश का ....

आप भगवान नहीं हो सकते। हमारे भांचा राम से अपनी तुलना करके आप छत्तीसगढ़ की भावनाएं आहत कर रहे हैं।

## पंकज झा का .....

के लिए खुला हुआ है। इसी के साथ उन्होंने लिखा है- जैसा आपका और आपकी पार्टी का रिकॉर्ड रहा है श्रीमान, वैसे में कोई बड़ी बात नहीं कि सुर्खियां बटोरने के लिए खुद ही बनवाया हो और उसका खुद ही विरोध कर हमेशा की तरह नॉन इशू को इशू बनाने में लगे हों।

अगर ऐसा नहीं है, तो आम जनता अपनी तरह से आजकल रचनात्मक अभिव्यक्ति करती है सोशल मीडिया पर, इसमें अनावश्यक रूप से किसी टीम पर प्रहार करना आपकी विवशता दिखाता है। अगर यह आपकी टीम ने नहीं किया है, तो ऐसी क्रिएटिविटी को अपने विरुद्ध प्राकृतिक न्याय मानकर कृपया सहन कीजिये। भाचा राम आपको सहिष्णु बनाए।

## सत्ता में आते ही भगवान ....

को इसी का पालन करने का आदेश है। सभी से विनम्र अनुरोध है कि आस्था का इस प्रकार अपमान न करें। ईश्वर से स्वयं की तुलना न करवाएं, पहले अच्छे मनुष्य बनने की कोशिश करें।

## कांग्रेस पहुंची ....

एफआईआर दर्ज करने का मांग की है। कांग्रेस ने अपने आवेदन में कहा है भारतीय जनता पार्टी द्वारा विष्णु का सुशासन इंस्टाग्राम पेज में आईये देखे छत्तीसगढ़ का रामायण नामक शीर्षक के वीडियो में वरिष्ठ और सम्मानित कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक विडियो अपलोड कर राजनैतिक विद्वेषवश धर्मिक भावनाओं को आहत करते हुए छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध दुर्भावनापूर्ण आशय से नफरत फैलाने, बदनाम करने और सांप्रदायिकता फैलाने का काम किया है।

## भाजपा प्रवक्ता .....

इसमें मुख्यमंत्री और भाजपा को अपमानित किया जा रहा है। हमने शिकायत की है किसने यह वीडियो बनाया है इसकी जांच की जाए। जिसने वीडियो प्रचारित किया है, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो।

## अविनाश ऐलीगेंसः सातवीं .....

काम कर रहे थे, वहीं पास में उनके रहने के लिए अस्थायी निवास बनाए गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मजदूरों के परिजन अपने लोगों की पतासाजी करने मौके पर दौड़कर पहुंचे।

**पहले समझ में नहीं आया क्या हुआ** : मौके पर उपस्थित मजदूरों के अनुसार चैली टूटकर नीचे गिरी, तो उन्हें पहले समझ में नहीं आया की क्या हुआ है। पूरा इलाका धूल के गुबार से भर गया। धूल छंटने के बाद परिजन अपनों की तलाश करने में जुट गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य में जुट गई। घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया।

**कलेक्टर, एसपी ने मोर्चा संभाला** : निर्माणाधीन बिल्डिंग की चैली टूटकर गिरने तथा मलबे में 10 मजदूरों के दबे होने की जानकारी मिलने पर एसपी, कलेक्टर, निगम आयुक्त सहित पुलिस तथा नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य करने के साथ मॉनिटरिंग में जुट गए। कलेक्टर ने घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं। एसपी ने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

**सुरक्षा उपाय नहीं** : निर्माण के दौरान मजदूरों के लिए किसी तरह से कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे। बिल्डिंग के नीचे काम करने वाले मजदूरों को जरूरी सुरक्षा के नाम पर हेलमेंट दिए गए थे। ऊपरी मंजिल में काम करने वाले मजदूरों के लिए सुरक्षा के किसी तरह से कोई इंतजाम नहीं किए गए थे।

**दोपहर होने से बड़ी घटना टली** : मजदूरों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि शनिवार को बिल्डिंग निर्माण के लिए 30 के करीब मजदूर काम करने पहुंचे थे। दोपहर में ज्यादातर मजदूर खाना खाने चले गए थे। मजदूरों के खाना खाने जाने की वजह से जहां चैली टूटकर नीचे गिरा वहां कोई मजदूर नहीं था। घटना स्थल के पास अन्य मजदूरों के उपस्थित होने पर हादसा और गंभीर हो सकता था।

**इस वजह से हादसा** : मौके पर हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की, तो पाया कि सेंट्रिंग करने के जो सामान थे, वह सभी जंग लगे हुए थे। एक बिल्डिंग को दूसरी बिल्डिंग से जोड़ने आठवीं मंजिल में ढलाई करने जो कालम खड़े कर मलमा भरा जा रहा था, तब मलमा का भार ज्यादा हो गया और वह भरभराकर गिर गया। इस वजह से चैली टूट गई और चैली में काम कर रहे सभी मजदूर आठवीं मंजिल से नीचे गिर गए।

## 36 घंटे चला ....

साइलो को हटाकर तीन मजदूरों के शव को बाहर निकाला गया। इससे पहले एक मजदूर की बिलासपुर के जिला अस्पताल में मौत हो गई थी।

ग्राम रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्लांट में लगभग 200 टन वजनी साइलो (कंटेनर) के गिरने से बड़ा हादसा हुआ। मजदूरों के उसमें फंसे होने की सूचना पर कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। भारी भरकम कंटेनर को हटाना काफी चुनौती भरा कार्य था। प्रारंभ में बचाव कार्य के लिए नजदीक के क्रेन को बुलाकर कंटेनर को हटाने की कोशिश की गई, परंतु भारी वजन होने के कारण से उसे हटाया नहीं जा सका। कलेक्टर ने तत्काल 400 टन क्षमता का क्रेन मंगाया, परंतु इस क्रेन के लिफ्टिंग हुक को सही जगह व्यवस्थित कर उठाना काफी चुनौती भरा कार्य था। कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जिला प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा रहा। लगभग 36 घंटे लगातार काम करने के बाद इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम दिया गया। उसके बाद साइलो को भारी क्रेन से लिफ्ट कर हटाया गया। साइलो (कंटेनर) हटाने के बाद रातभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद 3 शव को बाहर निकाला गया। एक घायल मनोज धृतलहरे को पूर्व में ही राहत एवं बचाव कार्य करते हुए अस्पताल भेजा गया था, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

**मृतकों के नाम** : हादसे में मृतकों की संख्या चार है। मृतकों में अवधेश कश्यप, पिता निखादराम कश्यप निवासी तागा जांजगीर चांपा, प्रकाश यादव पिता, परदेशी यादव निवासी अकोली बलौदाबाजार, जयंत साहू पिता, काशीनाथ साहू निवासी जबड़ापारा सरकंडा बिलासपुर हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए तत्काल सिम्स बिलासपुर भेजा गया है। मृतक के परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

**डिप्टी सीएम व विधायक पहुंचे घटनास्थल** : प्लांट में घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और वस्तुस्थिति का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं स्थानीय विधायकों को मौके पर भेजा। उप मुख्यमंत्री श्री साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली और मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिवारों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने निर्देशित किया।

**परिजन को देंगे मुआवजाः कलेक्टर** : कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि 40 घंटे की मशक्कत के बाद सर्च ऑपरेशन निश्चित रूप से सफल रहा। पर इस हादसे में जिन परिवारों ने अपने सदस्यों को खोया है उसका गहरा दुख है। जिस संवेदनशीलता और तत्परता से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। उसी संवेदनशीलता के साथ उनके परिवारों के साथ खड़ा रहूंगा। प्रशासन नियमानुसार मुआवजा सहित आवश्यक सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम एवं लापरवाही के लिए जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दोषियों पर होगी कार्रवाईः एसपी** : पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतकों के परिवारों का प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में जिला और पुलिस प्रशासन उनके साथ है। मृतक परिवारों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाएंगे और इस घटना के दोषियों पर जांच के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ ,एसडीआरएफ सहित आपदा राहत एवं बचाव से जुड़ा पूरा अमला मौजूद रहा।

# पेज एक के शेष

## छत्तीसगढ़ के 122 तालाबों...

रायगढ़, जांजगीर कोरबा और अंबिकापुर में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। निगम और प्रशासन के हाथ खाली हैं और माफियाओं का कब्जा तालाबों पर बरकरार है। हाल यह है कि बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक 44 तालाबों पर कब्जा खुद प्रशासन स्वीकार कर रहा है। हालांकि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अधिक है। बिलासपुर जिले में ही 17 तालाबों पर अतिक्रमण की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे हैं। इसके साथ ही रायपुर संभाग में 10, दुर्ग संभाग में 25, सरगुजा में 3 और बस्तर में 2 तालाबों पर कब्जा खुद अधिकारी ही कह रहें हैं। दरअसल जांजगीर जिले के बलौदा ब्लाक के सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद देवगन ने छत्तीसगढ़ सरकार और अन्य नगरीय निकायों के विरूद्ध एनजीटी भोपाल में याचिका लगाई थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा भेजी गई चिट्ठी में तालाब के सामने उससे अतिक्रमण हटाने की संभावित तिथि का भी उल्लेख किया गया है। इसके मुताबिक अधिकांश तालाबों को आगामी चार से छह माह के भीतर तलाब को कब्जा मुक्त करने की जानकारी दी गई है। वहीं कुछ तालाबों को अगस्त 2025 तक पूरी तरह से कब्जा मुक्त करने की बात भी कही गई है।

**बिलासपुर में बन गए घर, होटल और स्कूल** : बिलासपुर जिले मेंमें 20 के करीब तालाबों पर कब्जा हो गया है। इनमें से कुछ पर तो घर होटल और स्कूल बन गए हैं। मामा भांजा तालाब और चांदमारी तालाब, जो अंग्रेजों के समय की धरोहर थे, आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं. चांदमारी तालाब पर कभी अंग्रेजों के जवान ट्रेनिंग लिया करते थे, और यह एक ऐतिहासिक महत्व का स्थान था। इसी तरह करबला, चिंगराजपारा और चांटीडीह इलाके में प्रमुख तालाब अतिक्रमण के कारण संकट में हैं।

**जांजगीर में 14 तालाबों का अस्तित्व संकट में** : एनजीटी के आदेश के बाद भी नोनी, बाबू और अंधरी सहित जांजगीर जिले के बलौदा नगर पंचायत के कुल 14 तालाबों की तस्वीर और तकदीर नहीं बदली है। बेजा कब्जा के चलते इन तालाबों का जल भराव क्षेत्र 50 फीसदी तक कम हो गया है। कहीं तालाब पार में मकान बनाए गए है, तो कहीं काम्प्लेक्स बनाकर दुकान संचालित किया जा रहा है। बलौदा के मुख्य निस्तारी तालाब नोनी, बाबू तालाब, अंधरी तालाब, कोयली पुरैना, बिलखपुर, नगउ तालाब, नवा तालाब में अतिक्रमण हो गया है।

## रायगढ़ में 30 तालाबों...

इसके साथ ही जिसमें ढिमरापुर तालाब, दरीं तालाब, गंगाराम तालाब, पुछापारा तालाब, बालसमुंद तालाब, कौहाकुण्डा तालाब, कैदीमुड़ा तालाब, मयाराम तालाब बोईरदादर एवं राजीव नगर तालाबों पर लगातार कब्जा हो रहा है।

## शहर के दोनों तालाब...

पार्षद भूतपूर्व हो गए हैं, इसलिए यह सारे लोग अब होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव के मोड में आ गए हैं। शासन ने कलेक्टर को नगर निगम का प्रशासक नियुक्त कर दिया है। ऐसी स्थिति में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का पालन अगले चुनाव में नगर सरकार चलाने वालों के ऊपर रहेगा।

## जमकर हो गया अतिक्रमण...

तालाब में एक अरसे से जमकर अतिक्रमण हुए हैं। नगर के देवरनीन तालाब में अतिक्रमण के चलते तालाब का अस्तित्व खत्म होने पर है। शासन के रिकार्ड में 19 एकड़ में यह तालाब फैला हुआ है। तालाब में हुए अतिक्रमण और पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते देवरनीन तालाब का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। इसी तरह शासन के रिकार्ड में नगर के नया तालाब 10 में फैला हुआ है। अतिक्रमण के चलते नया तालाब की सूरत ही बदल गई है।

## एनजीटी के निर्देश के...

दिए थे, इस बीच बीते दस माह में निगम ने राजस्व विभाग को सीमांकन करने पत्र लिखा और मजे की बात यह है कि, राजस्व विभाग ने इस पर अमल भी नहीं किया है। हालात यह है कि, इस बीच अतिक्रमण पर लगाम तो दूर आय दिन किनारे में अतिक्रमण के प्रकरण आ रहे हैं। दुर्ग नगरनिगम में 36 से अधिक तालाब है। जहां आज भी लोग निस्तारी करते है, लेकिन इस बीच तालाब के किनारे कब्जों से इसका स्वरूप छोटा हो रहा है।

## आईईडी की सूचना ...

नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर रहे हैं। वहीं, कई हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल हुई है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी, जिसमें नक्सलियों ने दावा किया था कि हमने जमीन के अंदर बम लगा रखा है। फोर्स के बढ़ते दबाव और नक्सलियों को मिल रही लगातार चोट से नक्सली संगठन में बौखलाहट इस कदर दिख रही है कि अब वे जंगलों और अंदरूनी इलाकों में जमीन के अंदर मौत का सामान दफन कर सुरक्षा बलों को टारगेट करने की कायराना करतूत कर रहे हैं। नक्सलियों की इस करतूत से ग्रामीण और मवेशी भी मारे जा रहे हैं। पिछले दो दिनों में नारायणपुर में लगातार हुई चार घटनाओं से एक ग्रामीण की मौत हो चुकी है। वहीं तीन ग्रामीण घायल हुए हैं। वहीं एक कुत्ते और एक भैंस भी बम की जद में आने से अपनी जान गंवा चुके हैं।

## पुलिस की ग्रामीणों से...

रहते आईईडी को निकाला जा सके। जिससे सुरक्षा बल, ग्रामीणों, विकास कार्य कर्मचारियों, शासकीय सेवकों एवं वन्य प्राणी को जान माल की हानि होने से बचाया जा सके। आईईडी की सही जानकारी देने जब्त करवाने वाले व्यक्तियों को 5000 रुपए तक की राशि इनाम में दी जाएगी एवं पहचान गुप्त रखा जाएगा।

## ट्रिपल मर्डर : एक ही परिवार...

किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। खड़गवां चौकी अंतर्गत ग्राम केरता में शुक्रवार की दोपहर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे, टांगी, फावड़ा से तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के समय बसंती टोप्पो पति माघेराम टोप्पो, पुत्र सुरेश टोप्पो, नरेश टोप्पो व मजदूरों के साथ ट्रैक्टर लेकर गांव के डुबकापारा स्थित खेत में जोताई करने गई हुई थी। इसी दौरान उसके रिश्तेदार राजकुमार, मंधारी राम, रोवन, बाबूलाल, सियाराम समेत 20 से अधिक लोग वहां पहुंच गए। वर्षों पुराने जमीन विवाद और उक्त जमीन पर अपना हक जताते हुए टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। आरोपियों ने बेरहमी से महिला और उसके परिवार के सदस्यों की पिटाई कर दी।

## ये हुए...

रामधनी आ. नानसाय, 60 वर्षीय बिहारी आ. नानसाय, 50 वर्षीय रोवन आ. नानसाय, 58 वर्षीय सियाराम आ. नानसाय, 70 वर्षीय धरमसाय आ. स्व. फगना राम, 45 वर्षीय अनुकलाल आ. चुखूल, 35 वर्षीय उजेन्द्र उर्फ उजर आ. राजकुमार, 29 वर्षीय बिरेन्द्र टोप्पो आ. धरमसाय, 30 वर्षीय प्रदीप टोप्पो आ. सियाराम टोप्पो, 30 वर्षीय नरेन्द्र टोप्पो आ. मंधारीराम, 37 वर्षीय सम्मू आ. बाबुलाल, 26 वर्षीय महाजन टोप्पो आ. मटुकधारी, 26 वर्षीय दिवालसाय टोप्पो आ. रोवन, 32 वर्षीय कमलेश टोप्पो आ. सियाराम टोप्पो, 46 वर्षीय अमेन्द्र कुमार आ. मंधारी, 23 वर्षीय प्रकाश टोप्पो उर्फ डेगु आ. सियाराम, 32 वर्षीय गुंजा राम, 37 वर्षीय रामप्रसाद टोप्पो आ. बिहारी, 60 वर्षीय बाबुलाल आ. पंचन, 52 वर्षीया बुच्ची उर्फ बैशाखो पति मंधारी टोप्पो, 22 वर्षीया जसिंता टोप्पो पति प्रदीप टोप्पो के नाम शामिल है।

## जिला पंचायत अध्यक्षों ...

अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई पूरी की गई। 33 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव के संबंध में आरक्षण के बाद अब यहां पर स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष की आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अब निर्वाचन आयोग उसके आधार पर चुनाव कराएगा। नगरीय निकाय और पंचायतों को आरक्षण पूरी होने के बाद निर्वाचन आयोग सभी जिलों के चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा।

**अनुसूचित जनजाति** : छत्तीसगढ़ पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का पद कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा, कोरबा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में पुरुष वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं महिलाओं के नाम पर सूरजपुर, कांकेर, बस्तर, कोंडागांव, सुकमा, बीजापुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को आरक्षित किया गया है।

## राजनांदगांव में कोमल...

आज ही चुनाव होना था, लेकिन वहां का चुनाव नहीं हो सका है। वहां पर अब भी पेंच फंसा हुआ है। भाजपा के प्रदेश में 36 संगठन जिले हैं, इनमें से 34 जिलों का चुनाव 5 और 6 जनवरी को किया गया, लेकिन राजनांदगांव और कवर्धा का चुनाव रोक दिया गया था। राजनांदगांव में अध्यक्ष के पद को लेकर बड़ा पेंच इसलिए फंस गया था, क्योंकि यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अध्यक्ष के लिए कोमल राजपूत का नाम भेजा था। दूसरी तरफ सांसद संतोष पांडेय चाहते थे कि उनके समर्थक सौरभ कोठारी को अध्यक्ष बनाया जाए। एक नाम पर सहमति न बनने के कारण चुनाव रोका गया। लेकिन शनिवार राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष का चुनाव करा दिया गया है। इसमें डा. रमन सिंह की तरफ से आए नाम कोमल राजपूत को अध्यक्ष बनाया गया और सांसद संतोष पांडेय की तरफ से आए नाम सौरभ कोठरी को महामंत्री बनाया गया। राजनांदगांव अब तक एकमात्र जिला है जहां पर जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्री का नाम भी घोषित किया गया है।

# कैलिफोर्निया आगजनी
# अब तक 11 की मौत, 16 लाख करोड़ का नुकसान

**लास एंजलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने तबाही मचा दी है। अब तक 11 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई है। आग की तेज लपटें 40 हजार एकड़ से ज्यादा के इलाके में फैल चुकी है। राष्ट्रपति बाइडेन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक सब मुस्तैदी से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। आग से अब तक 16 लाख करोड़ रुपए का भारी भरकम नुकसान हो चुका है। वहीं दूसरी ओर तेज हवा और पानी की कमी से आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आइए, जानते हैं कि कैलिफोर्निया की इस आग ने अमेरिका में कैसे हाहाकार मचा कर रख दिया है।

## कर्फ्यू और लूटपाट की घटनाएं

आग से दहकते कैलिफोर्निया में अचानक लूट पाट की घटनाएं सामने आने लगी है। सांता मोनिका में आग की वजह से घर छोड़कर जा रहे लोगों से लूटपाट की घटनाएं हुई हैं। लोगों से कैस और कीमती सामान लूट लिए गए। लूट की इन वारदातों को देखते हुए प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। अब तक लूटपाट को अंजाम देने के आरोप में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और प्रशासन हालात को संभालने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

# असम-मेघालय की कोयला खदान से बरामद हुए चार शव

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** असम और मेघालय सीमा के पास दीमा हसाओ जिले में 300 फीट से अधिक गहरी कोयला खदान से शनिवार को तीन और मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। इसके बाद अब इस हादसे में मरने वालों की कुल संख्या चार हो गई है। इससे पहले बीते बुधवार को भी एक मजदूर का शव बरामद किया गया था। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 11 जनवरी को खदान में फंसे हुए बाकी मजदूरों की तलाश के लिए भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों ने गोताखोरों के अभियान की फिर से शुरुआत की। जिसमें पानी में डूबे हुए खदान के हर इलाके को गहनता के साथ जांचा जा रहा है। इस सप्ताह सोमवार को यह हादसा हुआ था। जिसके बाद खदान में 9 या 10 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

# राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


## (नाम परिवर्तन) शपथ पत्र

मैं आरतीमीजिया लोबो खान (Artimizia Lobo Khan) पति शहाब अब्बास खान ( Shahab Abbas Khan) निवासी राजकुमार कालेज कैम्पस डंगनिया रायपुर छ.ग. की हूं व सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक कथन करती हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पिताजी का पूर्ण नाम Peter Norbert Ernest Lobo एवं मेरी माताजी का पूर्ण नाम Serena Marie Sharmain है जो सत्य व सही है। जो कि उनके Certificate of Baptism में अंकित है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट एवं पेनकार्ड में मेरे पिताजी का नाम Peter Norbert Lobo है जो कि अपूर्ण है।
4. यह कि मेरे पासपोर्ट अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम Serena Lobo अंकित है जो कि असत्य है जो कि भूलवश मेरे द्वारा अंकित हो गया था।
5. यह कि मैं अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं पासपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों में अपने पिता का पूर्ण नाम Peter Norbert Ernest Lobo एवं मेरी माताजी का सही नाम Serena Marie Sharmain अंकित कराना चाहती हूं।
6. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता
आरतीमीजिया लोबो खान

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 6 में लिखी बातें सत्य है, अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

Notary Certificate No.
IN-CG62931887745899X
रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/01/2025

सत्यापनकर्ता
आरतीमीजिया लोबो खान

## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
'मिनी रत्न कम्पनी'
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

### सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

## OFFICE NAGAR PALIKA PARISHAD KIRAND' L, DISTT.:SO' TH BASTER DANTEWADA (C.G.)

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

NIT. No. 1286 — Kirandul, Dated 09-01-2025

Online bids are invited for followings works up to 10.02.2025

| S. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164079 | Survey, Engineering, Procurement, Construction, testing, commission-ing of Kirandul Water supply scheme including Trial run, 12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Components / whole scheme. [1st Call] | RS. 3766.77 | Rs. 5.00 | In appro-priate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 10.01.2025 at 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

नगरपालिका के समस्त करों का भुगतान समय पर करें। स्वच्छता ही सेवा है।

Chief Municipal Officer
Nagar Palika Parishad Kirandul
Distt. South Baster Dantewada (C.G.)

## OFFICE OF THE CHIEF M' NICIPAL OFFICER NAGAR PANCHAYAT BARSOOR

E-procurement Tender Notice [1st Call]
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

NIT. No. 1105 — BARSOOR, Dated 10-01-2025

Online bids are invited for followings works up to 10.02.2025

| S. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164221 | Survey, Engineering, Procurement, Construct ion,testing,commissioning of Barsoor Water supply scheme including Trial run, 12months Defects Liability period and 5years Operation and Maintenance of all Project Components / whole scheme. | RS. 1256.81 | Rs. 5.00 | In appro-priate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 10.01.2025 at 17:30 Hours (IST) on wards. Bid Submission last date - 10.02.2025 at 17:30 Hours. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Sd/-
Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Barsoor

## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. WAT-TRD-81-24-25DT0701202

कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: वाल्टियर मंडल की KK लाइन में संवेदनशील OHE अवसंरचनाओं एवं सम्बद्ध उपकरणों का प्रतिस्थापन फेज-I.

निविदा का मूल्यः रु. 6,89,42,239.00, EMD: रु. 4,94,700.00, कार्य के समापन की अवधिः 10 महीने।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 31.01.2025 को 1500 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज के साथ सम्पूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/TRD, वाल्टियर

PR-876/P/24-25

## कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
## जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

TelePhone 07726-221068
Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्र./ 1377/लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25 — भाटापारा, दिनांक 10.01.2025

### द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा 15वें वित्त आयोग के अनटाईड ग्रांट मद अंतर्गत सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाला/नाली निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 164247 | वार्ड क्र. 04 सुभाष वार्ड में गौठान के लिए पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 49.97 | 27.01.2025 |

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बंधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ ना बहाये
2. खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

## कार्यालय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी
## जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

### // ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्र./1428 /ई-टेण्डर/लो.नि.वि./24-25 — अं.चौकी, दिनांक 10/01/2025

नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा ऑन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 164213 | Supply of Skilled/Semi-Skilled/ nskilled Labour in Various Work- (22 Manpower) | 33.18 | 03-02-2025 |
| 2 | 164242 | Construction of B.T.Road at Bus Stand to Gandhi Chowk ward No. 10 | 26.13 | 27-01-2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अं.चौकी


## शब्द पहेली - 5745



**बाएँ से दाएँ**
1. आदत से मजबूर-4
5. एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8. हवा, समीर-3
9. रुष्ट, गुस्सा होना-2
11. सफेद, श्वेत-3
12. हमेशा, सदैव-4
14. मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15. सिर्फ, महज-3
17. अनाज का कण-2
19. आधुनिक, नया-5
22. एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25. सदैव-2
26. ध्वजा-3
27. अधिकार-2
28. असमकक्ष-4
30. चिलमन, नकाब-3
31. वायु रोग-2
33. नल, टोंटी-3
35. आवश्यकता-4
36. शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2. राजनीतिक पार्टी-2
3. नीच, अपराधी-4
4. बिजली कौंधना-5
5. बंदर, मर्कट-3
6. जूं का अंडा-2
7. दक्षता, होशियारी-4
10. उपकार, दया भार-4
13. कुचलना, दबाना-3
16. आमदनी-3
17. मूल्य, कीमत-2
18. वाद्य यंत्र-2
20. बहादुरी-3
21. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22. नाज, नखरा-2
23. तत्परता, होशियारी-3
24. आधुनिकता-4
25. झिझकना-5
26. हौसला,
अ. ताकत-4
28. शत्रुता, दुश्मनी-4
29. हूर, परी, अप्सरा (उर्दू-3)
32. पेड़, दरख्त-2
34. औषधि-2

**शब्द पहेली- 5744 का हल**



## सुडोकू नवताल- 5756

मध्यम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकू नवताल- 5755 का हल



MANGAL SENACHA BANGALORE

12_jan ravivar page-09_Layout 1 1/12/2025 12:19 AM Page 1





कल से त्रिवेणी संगम की पुण्यस्थली प्रयागराज में महाकुंभ का महायोजन आरंभ हो रहा है। अनुमान है इस बार इसमें देश ही नहीं दुनिया भर से करोड़ों लोग सम्मिलित होंगे। धर्म, आस्था और संस्कृति के इस आयोजन की सदियों पुरानी परंपरा की दिव्यता और भव्यता की छटा आपको आलौकिक अनुभूति से ओत-प्रोत कर देगी। इसकी विराटता और सांस्कृतिक महत्ता पर एक विहंगम दृष्टि।

# प्रयागराज महाकुंभ-2025

# धर्म-आस्था-संस्कृति का महायोजन

{ आवरण कथा / लोकमित्र गौतम }

अगर आप बचपन से ही अपनी परवरिश के दौरान महाकुंभ के किस्से सुनने के आदी रहे हैं, तो यकीन मानिए पहली बार जब आप महाकुंभ के विहंगम दृश्य से दो-चार होंगे, तो स्तब्ध रह जाएंगे। कुछ कहते, सुनते या व्यक्त करते ही नहीं बनेगा। मैंने महाकुंभ पर अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन की यह टिप्पणी पहली बार कुंभ का औचक एहसास करने के बाद पढ़ी थी, इसलिए मैं दंग रह गया था कि यह शब्दशः बिल्कुल वैसी ही टिप्पणी थी, जैसी कि मैंने पहली बार 22 साल की उम्र में महाकुंभ में शामिल होने के बाद महसूस की थी।

**विलक्षण दिखता है विहंगम दृश्य:** मीलों तक भगवा वसनों में लिपटे साधु-संतों की कतारें, प्रतिध्वनि का एहसास कराते उनके मंत्रोच्चार, जहां तक नजरें देख सकती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा लैंडस्केप होता है, जो कुंभ के अलावा आप कहीं नहीं देख सकते। शायद यही वजह है कि जितने भी विदेशी लेखकों, सैलानियों और विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तित्वों ने कुंभ को देखा है, उनके लिए इसका वर्णन अनिवर्चनीय सा रहा है।



**विदेशी लेखक-यात्री होते रहे हैं अचंभित:** ह्वेनसांग जैसा बेहद तटस्थ चीनी यात्री, जिसने पहली बार 7वीं शताब्दी में भारत का विस्तार से 'फर्स्ट हैंड एकाउंट' दर्ज किया था। वह बेहद तटस्थ और किसी चीज के वर्णन के दौरान भावनाओं को काबू में रखने वाला इतिहासकार भी महाकुंभ को देखकर अचंभित और अभिभूत रह गया था। उसने लिखा है कि धार्मिक भक्ति का यह आयोजन अद्वितीय है।

अमेरिकी कवि और लेखक एलन गिंसबर्ग ने महाकुंभ के अनुभव को व्यक्त न किया जा सकने वाला अद्वितीय अनुभव बताया है। वह कहते हैं, इससे भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का एहसास किया जा सकता है। मार्क ट्वेन तो पत्रकार भी थे और वह किसी चीज का महिमामंडन करने से बचते थे। अपनी संतुलित रिपोर्टों के लिए पहचाने जाने वाले मार्क ट्वेन ने महाकुंभ को लेकर लिखा है, 'इसमें बिना किसी दिखावे के आध्यात्मिक उद्देश्य से जितनी विशाल संख्या में लोग आते हैं, वह आश्चर्यचकित करती है।'

**होती है अभूतपूर्व-अद्वितीय अनुभूति:** शायद महाकुंभ इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को पराकाष्ठा की हद तक झकझोर देने वाला अनुभव होता है। यही कारण है कि एक सामान्य हिंदू बचपन से ही जिसके कानों में महाकुंभ के किस्सों की लंबी स्मृतियां मौजूद होती हैं, वह जब पहली बार साक्षात कुंभ में शामिल होता है तो उसकी विराटता और भव्यता को देखकर रोमांच से अभिभूत हो जाता है, तब वह इस पर कोई टिप्पणी कर सकने की स्थिति में नहीं रहता। महाकुंभ सचमुच बेहद गहन और अद्वितीय अनुभव है। पहली बार महाकुंभ को अपनी आंखों से देखने वाला कोई उससे पहले, उतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी होती और वह भी बिल्कुल ठहरी हुई, बिना किसी उग्रता, बिना किसी बेचैनी के श्रद्धा और भक्ति में डूबी हुई। खासकर जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है, तो वह भावनाओं को तो आह्लादित करता ही है, आंखों को भी आश्चर्य में फैल जाने को मजबूर कर देता है।



**दिव्यता-भव्यता की सीमा से परे:** महाकुंभ का वातावरण इतना भाव और भक्तिपूर्ण, आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत होता है कि उसके वर्णन के लिए सटीक शब्द नहीं मिलते। बस आप भावनाओं की दिव्यता और भव्यता से पुलकित भर होते रहते हैं। अगर कहें कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला है तो यह इसको पूरी तरह से नहीं व्यक्त करेगा। यह इतनी किस्म की भावनाओं का विशाल सम्मेलन है कि जहां सही मायनों में कोई एक एहसास ही नहीं रहता। दिव्यता और भव्यता जैसे शब्द भी इस अनुभूति के सामने फीके पड़ जाते हैं।

**कुंभ स्नान की आलौकिक अनुभूति:** जब आप पहली बार कुंभ में डुबकी लगाते हैं, तो पता नहीं वह कौन-सा ऐसा मनोविज्ञान है कि आप बेहद हल्केपन का एहसास करते हैं। लगता है, वाकई शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। कुंभ में स्नान करते ही मन और शरीर एक आलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से भर जाता है। महाकुंभ के दौरान आंखों के अनंत छोर तक साधु-संतों को देखना, उनके स्थितप्रज्ञ वचनों को सुनना, जीवन को विराट रहस्य से भर देता है। सामूहिकता का इससे बड़ा एहसास शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो, जितना बड़ा एहसास महाकुंभ में होता है। लगता है महाकुंभ में धर्म और प्रकृति आपस में घुल-मिल गए हों।

**दुनिया भर से आते हैं करोड़ों लोग:** कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था। इसकी क्या वजह थी यह तो पता नहीं पर महाकुंभ के सैलाब में आध्यात्मिकता के एक अदृश्य सुरूर का एहसास होता है। शायद यही वजह है कि हर 12 साल बाद हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में लगने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए दुनिया के कोने-कोने से करोड़ों हिंदू तो आते ही हैं, अब लगातार उन विदेशी पर्यटकों की संख्या भी हर गुजरते साल के साथ बढ़ती जा रही है, जो धर्म से ज्यादा इसमें आध्यात्मिकता के पुलक भरे एहसास को महसूस करने के लिए आते हैं।

ऐसे दुर्लभ और अद्वितीय महायोजन की अनुभूति कैसी होगी, इसके लिए हमें स्वयं उसमें सम्मिलित होना होगा, इसकी दिव्यता और भव्यता का स्वयं साक्षात्कार करना होगा। *



## हजारों वर्ष पुरानी परंपरा

हालांकि बिल्कुल तथ्यात्मक ढंग से यह कह पाना मुश्किल है कि महाकुंभ की शुरुआत कब हुई? अगर इसके प्रस्थान बिंदु का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है, तो वह यह है कि हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में जो समुद्र मंथन की कथा मिलती है, उसी मंथन से निकले अमृत कलश को, दैत्यों से बचाने के लिए जब देवता आकाश मार्ग से भागते हैं तो छीना-झपटी में जिन चार जगहों में अमृत की बूंदें टपक गई थीं, उन्हीं जगहों पर हर 12 साल बाद पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। ये चार जगहें हैं- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। जहां तक महाकुंभ के उल्लेख की बात है तो इसका उल्लेख कई हिंदू धर्म ग्रन्थों में मिलता है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण, रामायण और महाभारत में कुंभ का वर्णन मिलता है। इससे इतना तो तय है कि कम से कम पांच हजार सालों से तो आध्यात्म का यह मेला निरंतर आयोजित हो रहा है। लेकिन इतने साल होने के बावजूद इसका आकर्षण जरा भी फीका नहीं पड़ा। कुंभ का जादू आज भी उतना ही पुरकशिश है, जैसे जादू के बारे में हम सदियों से लोगों से सुनते आ रहे हैं। शायद इसीलिए सनातन परंपरा का यह आध्यात्मिक आख्यान जिसे हम महाकुंभ कहते हैं, चिर नूतन है।

{ गीत (महाकुंभ विशेष) / डॉ. ओम निश्चल }

## मेला सज गया



फिर प्रवासी पक्षियों की
आ गयी बारात
मेला सज गया।
संत साधु आ रहे हैं
दिव्य धुन में गा रहे हैं
राख पोते हुए तन पर
चित को पिघला रहे हैं
धुंध छाई है क्षितिज पर
कंपकंपाती रात
मेला सज गया।
लिए गठरी माथ, पर
अभिभूत दिखते
बोझ बेशक, चित से
अवधूत दिखते
आस्था है बलवती मन में
थिरकता प्रात
मेला सज गया।
यही है वह भूमि
जो निर्धूम यज्ञों से पगी
कल्पवासी जन शिविर में
कर रहे हैं रतजगी
भोर होते डुबकियों के बाद
थरथर गात
मेला सज गया।
पर्णकुटियों-सी सजी है
एक नव नगरी यहां
दीखती श्रद्धालुओं
की साधना गहरी जहां
अभी चूल्हे पर रखा अदहन
गमकता भात
मेला सज गया।
भर गया गंग औ जमन का
देख लो दो-आब
उमड़ आया है यहां पर
एक जन-सैलाब
इस समागम की छटा न्यारी
बाल-बच्चे वृद्ध नर-नारी
साधु-ठग सब साथ
मेला सज गया।
ना कोई न्यौता
किसी का नेह-आमंत्रण
आ रहे हैं उल्लसित हो
भक्त-जन प्रतिक्षण
विश्व का यह महा जनसंगम
पुण्य पाते सभी जड़-जंगम
आम जन हों कि हों अभिजात
मेला सज गया।
आ गयी लो! सांझ की वेला
हथेली पर दिये लेकर
जगमगा उठा समूचा लोक
मंगल कलश सर रख कर
इक चंदोवा तन गया नभ में
रोशनी का भव्य उज्ज्वल माथ
मेला सज गया।

# सनातन संस्कृति का महापर्व

# मकर संक्रांति



मकर संक्रांति, भारत के सबसे महत्वपूर्ण, पवित्र और सांस्कृतिक पर्वों में से एक है। इसे मनाने के पीछे अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कारण हैं। यह किसी क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं है बल्कि भारत के हर कोने में अलग-अलग नाम और तौर-तरीकों से मनाया जाने वाला महापर्व है।

{ पर्व / आर.सी.शर्मा }

मकर संक्रांति के पर्व में भारत की समूची साझी सनातन संस्कृति के दर्शन होते हैं। शायद यही वजह है कि इसे पंजाब, हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी, दक्षिण भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में पोंगल, पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला, असम तथा पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है। कर्नाटक, केरल में इसे संक्रांति कहते हैं, जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में संक्रांति के अलावा भी इसके कई स्थानीय नाम लिए जाते हैं। भले ये सब एक ही समय पर मनाए जाने वाले अलग-अलग पर्व हों, लेकिन इन सभी में विराट सनातन संस्कृति के ही दर्शन होते हैं। ये सभी कृषि कर्मों, धार्मिक क्रिया-कलाप और आस्था पर टिके पर्व हैं। भारत के साथ-साथ नेपाल में भी मकर संक्रांति का पर्व पूरी धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।



लोहड़ी का पर्व मनातीं महिलाएं

**खगोलीय-वैज्ञानिक कारण:** पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उस दिन को ही मकर संक्रांति कहते हैं, इसी दिन यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है। मकर संक्रांति को सूर्य उत्तरायण होता है यानी उत्तर दिशा की ओर उन्मुख गतिमान हो जाता है। वैज्ञानिक तौर पर इसका कारण यह है कि पृथ्वी का निरंतर छह महीने की समयावधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर गतिमान होना होता है, जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

**अत्यधिक धार्मिक महत्ता:** इस पर्व का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं और जो संभव हो दान करते हैं। मकर संक्रांति को पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का माहौल होता है। जहां तक इस दिन किए जाने वाले धार्मिक क्रिया-कलापों की बात है तो इस दिन लोग भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। भगवान विष्णु और दूसरे देवताओं की पूजा करते हैं।

**दिखती है बहुरंगी सांस्कृतिक छटा:** जिन क्षेत्रों में धान और दूसरी खरीफ की फसलें पक चुकी होती हैं, उनकी कटाई इसी पर्व के आस-पास शुरू होती है। विशेषकर पंजाब में इसे नाचने, गाने और उल्लास के पर्व के रूप में इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन से यहां फसलों की कटाई शुरू होती है। पश्चिम भारत विशेषकर गुजरात और राजस्थान में यह दिन पतंगबाजी की मस्ती, मेलों और लोकनृत्यों के आयोजन और उल्लास का पर्व होता है। उत्तर भारत में इस दिन लोग खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में बांटते हैं। जरूरतमंद लोगों को इस दिन दान भी देते हैं। दान के रूप में बिना बनी यानी कच्ची दाल और चावल मिली हुई खिचड़ी भी दी जाती है। दक्षिण भारत में इस दिन चार दिनों तक चलने वाला पोंगल पर्व शुरू होता है, यह भी मूलतः फसलों से जुड़ा पर्व है और ठीक इसी तरह बंगाल और पूर्वोत्तर में भोगाली बिहू नाम से जो पर्व भोजन और नृत्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। वह भी दरअसल फसलों की कटाई की शुरुआत का पर्व होता है। महाराष्ट्र और गुजरात में महिलाएं इस दिन एक-दूसरे को हल्दी, कुमकुम और तिलकुट बांटती हैं। इस तरह देखें तो पूरे देश में यह पर्व अलग-अलग तौर तरीकों से इंद्रधनुषी गतिविधियों में संपन्न होता है। इस पर्व का सिर्फ सांस्कृतिक महत्व ही नहीं है। इसका अपना वैज्ञानिक और खगोलीय महत्व भी है। क्योंकि मकर संक्रांति वह दिन है जब सूर्य मकर रेखा को पार करता है और उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है। इसलिए यह दिन शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इस समय दिन लंबे और रातें छोटी होने लगती हैं। सर्दी कम होने लगती है और धीरे-धीरे गर्मी का आगमन होता है। फसल की कटाई और नए सत्र की शुरुआत का भी यही समय होता है। शरीर को भरपूर ऊर्जा और गर्मी मिलती रहे, इसलिए लोग मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ का सेवन करते हैं। मकर संक्रांति, भारत के विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और वैज्ञानिक आयामों का समागम है। यह त्योहार एक तरफ जहां फसल कटाई का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर ऋतु परिवर्तन का भी यह पर्व संकेत देता है। यह पर्व सामाजिक एकता, आध्यात्मिक शांति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश भी देता है। *



पोंगल पर सामूहिक भोज तैयार करतीं महिलाएं

## पर्व-तिथि और मुहूर्त

**आमतौर** पर मकर संक्रांति 13 या 14 जनवरी को मनाई जाती है। इस साल यह मंगलवार 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। अगर शुभ मुहूर्त की बात करें तो वैदिक पंचांग के मुताबिक 14 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस बार पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। जबकि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के जिन-जिन हिस्सों में पोंगल का पर्व मनाया जाएगा, उसकी तिथियां 14 से 17 जनवरी तक होगी यानी 14 से 17 जनवरी तक पोंगल मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भोगाली बिहू का पर्व 14-15 जनवरी को मनाया जाएगा।

{ पुस्तक चर्चा / अनुराग मनींद्र }

## विडंबनाओं को रेखांकित करती कविताएं

आज के दौर के चर्चित युवा कवियों में शंकरानंद भी शामिल हैं। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं प्रकाशित होती रहती हैं। पूर्व में इनके तीन काव्य संग्रह-'दूसरे दिन के लिए', 'पदचाप के साथ' और 'इंकार की भाषा' प्रकाशित हो चुके हैं। हाल में न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन की श्रृंखला 'समकाल की आवाज' के तहत 'शंकरानंद : चयनित कविताएं' का प्रकाशन किया गया है।





इस पुस्तक में शंकरानंद की काव्य प्रतिभा के विविध आयाम देखे जा सकते हैं। कवि की संवेदना प्रकृति, परिवार, समाज, देश-दुनिया के हर मंजर, हर तबके तक पहुंचती है। 'फूलों की क्यारियां', 'विलुप्त होने वाली चिड़िया', 'मां के हाथ', 'पिता की उम्र', 'मैं मजदूर', 'ओ किसान', 'आदिवासी', 'सरकार की चुप्पी', 'युद्ध पर पुनर्विचार'... जैसी कविताओं में उनकी काव्य-संवेदना और रचनाशीलता के अलग-अलग 'डायमेंशन' देखे जा सकते हैं।

इन कविताओं में कहीं सीधे-सीधे तो कहीं संकेतों के माध्यम से उन्होंने विरोधाभास, विसंगति और विडंबनाओं को रेखांकित करने का प्रयास किया है। अपनी कविताओं में बहुत सीधे-सरल शब्दों में वे बहुत गहरी बात कह जाते हैं, 'आरोप की भाषा में/जितनी धार होती है/वह एक भले आदमी की/गर्दन रेत सकती है।' किसानों की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण करते हुए वे लिखते हैं, 'जब जल रहा है बीज और स्वप्न है धुआं-धुआं/एक किसान के लिए पूरी पृथ्वी विदर्भ है'। *

**पुस्तक:** चयनित कविताएं, **लेखक:** शंकरानंद, **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

{ छोटी कहानी / सविता गोयल }

## संक्रांति के लड्डू



मांएं तो यही चाहती हैं, तीज-त्यौहार पर बेटियों को प्रेम-स्नेह और मान मिलता रहे, लेकिन बहू को बुरा लगे तो मां मन मार के रह ही जाएगी, लेकिन वही बहू जब बेटी के रूप में प्रेम-स्नेह से वंचित हो, तो टीस होगी ही। रिश्तों को सहेजती कहानी।

'यह क्या मां जी, सुबह-सुबह आप रसोई में क्या कर रही हैं?' अपने कमरे से निकलते ही देसी घी की खुशबू सूंघते हुए सिया ने अपनी सास दामिनी से पूछा।

'बहू.. वो... संक्रांति आने वाली है ना तो मैंने सोचा शोभा और प्राची के लिए कुछ लड्डू बना दूं, उन्हें भेजवा दूं।' सास ने बताया।

'मां जी, आपको पता है, आजकल देसी घी कितना महंगा हो गया है... वैसे भी दीदी के घर बाजार से रेवड़ियां और मूंगफली लेकर तो मिहिर हमेशा दे ही आते हैं। नई-नई रीत आप बनाएंगी तो आगे मुझसे तो नहीं निभने वाली। वार-त्यौहार तो आए दिन आते ही रहते हैं, हर रोज इस तरह कढ़ाही चढ़ाकर बैठी रहेंगी तो घर का खर्च कैसे चलेगा?' सिया मुंह बिचका कर बोली।

बहू की बात सुनकर दामिनी के हाथ वहीं के वहीं रुक गए। ऐसा लग रहा था, उनके हाथों में जान ही नहीं है। घर खर्च कैसे चलता है उन्हें भी पता था, लेकिन आज वह खुद को बहुत मजबूर समझ रही थीं। वह सोचती हैं, 'शायद ठीक ही तो बोल रही थी बहू, पति के जाने के बाद सारी जिम्मेदारी बेटा निभा रहा है। बहू को भी हक है ना हिसाब रखने का।'

दामिनी जी ने भी अपने बच्चों को काफी तकलीफों से पाला था। दो बेटियों और एक बेटे के साथ उनकी गृहस्थी चल रही थी। कमाई कम थी, लेकिन कभी अपने बच्चों का मन नहीं मारा था। उस वक्त बाहर से खाने की चीजें घर पर कम ही आती थीं, इसलिए दामिनी घर पर ही सबकी पसंद का कुछ ना कुछ बना लेती थीं। धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो रही थी। बेटा मिहिर भी अब अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी पर लग गया था। घर खर्च के साथ बचत भी होने लगी थी। बच्चों की शादी भी अच्छे से हो गई। सभी अपनी-अपनी गृहस्थी में खुश थे। कई वर्षों तक सब कुछ अच्छा चलता रहा कि तभी दामिनी के पति उनका साथ हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। उनके जाने के बाद दामिनी अब अपने बच्चों के सहारे ही अपनी जिंदगी काट रही थीं। उन्होंने कभी अपनी इच्छाओं का बोझ अपने बेटे-बहू पर नहीं डाला, लेकिन ससुर के जाने के बाद सिया की नजरों में दामिनी जी केवल घर में रखे सामान की तरह हो गई थीं, जिसे घर में जगह तो मिलती है लेकिन अधिकार नहीं।

वैसे तो दामिनी जी कुछ नहीं कहती थीं, लेकिन अपनी बेटियों की पसंद का ध्यान तो मां को रहता ही है, इसलिए वो आज अपने बच्चों के लिए लड्डू बनाने के लिए रसोई में पहुंच गई थीं। बहू की बातें सुनकर वो रसोई से निकल आईं। आंखों से आंसू तो नहीं टपके, लेकिन मन बहुत आहत था। सिया माथे पर त्यौरियां लिए रसोई में आई, देखा घी में बेसन भुन चुका था। उसने लड्डू बांधे और डब्बे में भरकर ऊपर रख दिए। चार दिन बाद ही सिया अपनी मां से बात कर रही थी, 'मां भइया कब आएंगे त्यौहार का शगुन लेकर?' सिया ने अपनी मां से पूछा।

'बेटा, तेरा भाई बोल रहा था अभी टाइम नहीं है। दो-चार दिनों में उधर जाना हुआ तो दे आऊंगा।' मां ने कहा।

'मां, पहले तुम मेवे की जो पिन्नियां बनाती थीं, इस बार वो बनाकर जरूर भेजना। बहुत दिन हो गए तुम्हारे हाथ की पिन्नी खाए।' सिया मचलते हुए बोली।

'ठीक है बेटा, देखती हूं..।' कहकर सिया की मां ने फोन रख दिया।

दो दिनों बाद सिया का भाई आया। एक थैले में कुछ सामान था, बहन को पकड़ाया बोला, 'सिया मुझे कहीं जाना है। आजकल वक्त नहीं मिलता कहीं आने-जाने का। मां बार-बार बोली तो आना पड़ा।'

'भाई, थोड़ी देर तो बैठ जाओ तुम्हारे जीजा जी आते ही होंगे ऑफिस से, उनसे मिलकर चले जाना।' सिया बोली। 'नहीं सिया, उनसे फिर कभी मिल लूंगा।' कहकर सिया का भाई चला गया।

सिया ने थैला खोलकर देखा, उसमें एक साड़ी और रेवड़ी, मूंगफली थी। पिन्नियों का डब्बा तो नहीं था, जो सिया ने अपनी मां से बनाने को कहा था। थोड़ी देर में सिया ने अपनी मां को फोन किया, 'मां तुम पिन्नियां डालना भूल गईं क्या?'

'बेटी... वो मैंने कहा था तेरी भाभी से कि विनय को बोल दे पिन्नी बनाने का सामान लाने के लिए... लेकिन...।' 'लेकिन क्या मां?' सिया ने पूछा।

'वो बोली कि सारी जिंदगी क्या बेटी को देती ही रहेंगी... इतना सामान क्या, ऐसे ही आता है? पता है मेवे कितने महंगे हो गए हैं?' कहते-कहते सिया की मां का गला रूंध गया।

मां की बात सुनकर सिया के कान भी सुन्न पड़ गए। उसके दिमाग में अपनी कही बात गूंजने लगीं, जो उसने अपनी सास से कही थी, 'पता भी है देसी घी कितना महंगा हो गया है?'

सिया ने कांपते हाथों से फोन रख दिया। अगले दिन जब मिहिर अपनी बहनों शोभा और प्राची के यहां शगुन देने जा रहा था तो सिया ने दो डिब्बों में लड्डू भी भर दिए। दामिनी ने सिया की ओर देखा तो उसकी नजरें शर्मिंदगी से झुक गईं, लेकिन मुंह से शब्द नहीं निकल पाए। बस मिहिर से इतना ही कहा, 'दीदी से कहना, मां ने लड्डू भेजे हैं।' *

12012025-Cit-07_Layout 1 1/12/2025 12:42 AM Page 1



# 'मिसेज' ओटीटी पर देगी दस्तक

*अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' (2021) की रीमेक है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।*



एजेंसी ▸▸ मुंबई

'मिसेज' का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, हवाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है। अब 'मिसेज' से सान्या की झलक सामने आ चुकी है। 'मिसेज' सिनेमाघर में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस फिल्म का निर्देशन आरती कडव ने किया है तो वहीं पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और ज्योतिदेश पांडे इस फिल्म के निर्माता हैं।

सान्या के अलावा 'मिसेज' में निशांत दहिया और कंवलजीत सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें सान्या को इन दिनों 'बेबी जॉन' में देखा जा सकता है। इसमें उन्होंने कैमियो किया है।

## 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' 24 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** भारत के महाकाव्या पर बनी एनिमेटिड फिल्म 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का दर्शक पिछले काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



दरअसल, साल 1993 में आई यह फिल्म करीब 31 साल बाद आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। अब निर्माताओं ने 'रामायण' का ट्रेलर जारी कर दिया है। रामकथा अब आप एनिमेशन में देख पाएंगे। ट्रेलर को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' एक जापानी-भारतीय एनिमेटेड फिल्म है। दोनों देशों के सहयोग से इसे बनाया गया था। फिल्म का निर्माण भारत के राम मोहन और जापान के युगो साको ने किया था। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अरुण गोविल और अमरीश पुरी समेत कई कलाकारों ने अपनी आवाज दी है।

## प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' की रिलीज टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछली बार फिल्म 'सालारः सीजफायर पार्ट- 1' में नजर आए थे। इसने बॉक्स ऑफिस पर 617.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। काफी समय से प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान मारुथि ने संभाली है। यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थे, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की



रिलीज टाल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म 2025 में ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है 'द राजा साब' से प्रभास की नई झलक मकर संक्रांति के खास दिन सामने आ सकती है।

## 'आशिकी-3' से बाहर हुईं तृप्ति

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी एनिमल और भूल भुलैया 3 में अपनी भूमिकाओं के कारण चर्चा में रही हैं। इन फिल्मों में उनके अभिनय को काफी सराहा गया,



जिसके कारण उन्हें कई दूसरे प्रोजेक्ट भी मिले। हालांकि, उन्हें अनुराग बसु द्वारा निर्देशित आशिकी 3 से हटा दिया गया है। पिछले साल रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद तृप्ति ने काफी सुर्खियां बटोरीं। इससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि अनुराग बसु उन्हें कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 में कास्ट करेंगे। हालांकि, पीपिंगमून के अनुसार, फिल्म निर्माताओं का मानना है कि तृप्ति की मौजूदा छवि फिल्म के लिए उनके विजन के अनुकूल नहीं है। एनिमल और भूल भुलैया 3 दोनों में, तृप्ति ने ग्रे शेड्स वाले किरदार निभाए। निर्माताओं को लगता है कि यह आशिकी फ्रैंचाइज़ के केंद्रीय शुद्ध प्रेम विषय के विपरीत है। तृप्ति डिमरी ने लैला मजनू, बुलबुल और काला जैसी फ़िल्मों में अच्छा काम किया है।

**फ्लैट बेचना है किराये से देना है**

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक **कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.** (RO-2482)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 **पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.** (RO-2476)

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019.** (RO-3160)

**आवश्यकता है-** HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर **सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर** Mob - **8085435101, 7509025000.** (RO-2480)

### अकाउटेंट/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपडे में केवल पुरूष कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु व फुल टाइम अकाउन्टेंट, अनुभवी सेल्समैन एंव साडी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता हैं **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9977252503.** (RO-7251)

### हेल्थ केयर स्टाफ

**आवश्यकता है-** NUGA BEST शिव हेल्थ केयर सेंटर स्टाफ के लिए मैडम की आवश्यकता है सैलरी- योग्यतानुसार योग्यता 10वीं और 12वीं पास **पता:- इंडियन बैंक के ऊपर डगनिया मोड, सुंदर नगर, रायपुर मों- 7566181849.** (RO-2491)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। **पुजारी फ्यूल्स एमएलए रेस्ट हाउस के सामने रिंग रोड नं 1 रायपुर. 8720050022, 9300530066.** (RO-345)

### इलेक्ट्रीशियन/फीटर

**आवश्यकता है-** नवीन आई.टी.आई धनोरा में प्रशिक्षण अधिकारी इलेक्ट्रीशियन व फीटर ट्रेड के शिक्षक की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी। **संपर्क करें:-मो.- 94079-02923** (आरो न.-656)

### ड्रायवर/दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में थ्री व्हीलर (अपे) माल वाहक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की। अनुभवी को प्राथमिकता। वैध लाइसेंस,बायोडाटा के साथ **संपर्क करे :- 9300905560.** (RO-691)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल भिलाई दुर्ग घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। **9827466771** (आरो न.-657)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास 98271-14645, 9131139179.** (RO-3219)

### हेल्पर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** टेड़ेसरा, रायपुर एवं महासमुंद पेट्रोल पंप में काम करने के लिए हेल्पर एवं मिनी टैंकर चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करे 9074854530.** (आरो न.-1884)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं, आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर** ।(RO-422)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए दैनिक वेतन पर लडको की आवश्यकता है। वेतन 400/- प्रतिदिन इच्छुक **संपर्क करें वायर हाऊस, एम.जी.रोड रायपुर** (RO-1247)

### कुक

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में शाकाहारी खाना बनाने महिला कुक की आवश्यकता, समय सुबह 10.30-1, शाम 5.30-7.30 तक, वेतन 6000/- **संपर्क करें 8120289207, 9300201654.** (RO-2485)

### ऑपरेटर/फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** टैली कार्य हेतु महिला कंप्यूटर ऑपरेटर एक, फील्ड वर्क के लिए युवक एक, ऑफिस बॉय युवक एक। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क, मेसर्स कन्हैया लाल शर्मा, सिरसा गेट चौक भिलाई 3 , मो. न.7000597642.** (आरो न.-658)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कोरियर मे कस्टमर विजिटकार्य हेतु लड़को और कंप्यूटर कार्य हेतु लड़की की आवश्यकता है। **श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1 कुशालपुर कार्नर हाऊस के बाजू, रायपुर। 9399676408.** (RO-439)

### सेल्स/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से15000/- प्लस कमीशन , **संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग** Mo - **7089508250 मिलने का समय सुबह 10 से 12** (आरो न.-1879)

### पैकिंग/डिलिवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ऑनलाइन फल एवं सब्जी की पैकेजिंग एवं डिलीवरी के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता **संपर्क:- R.J.फ्रेश मार्ट महाराज चौक बोरसी रोड दुर्ग MO.9644499864.** (आरो न.-1882)

### चिकत्साकर्मी

**आवश्यकता है-** क्लिनिक स्टाफ़ हेतु (फ्रेशर/ अनुभवी) लड़कियों/ महिलाओं की आवश्यकता है। गर्ल्ज हॉस्टल सुविधा। वेतन 32000 तक योग्यतानुसार। **पता: कटोरा तालाब, रायपुर, छत्तीसगढ़ 9406044374.** (RO-7432)

### हाउसकीपिंग कार्य

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग (साफ सफाई) करने के लिए महिलाओं, पुरुषों की। पोस्ट संख्या 10, स्थान नया रायपुर। सेक्टर 36 पढ़ाई- 10वीं, पास, फेल। वेतनमान 11456, इन हैंड पीएफ, मेडिकल, अलग से। कार्य समय 8 घंटे, 26 दिन। सप्ताह में एक अवकाश, कंपनी क्रिस्टल इंटरगेटेड सर्विसेस लिमिटेड। **संपर्क करें, 7987968699, 8617771485. नोट: निःशुल्क पूर्ण रूप से।**(RO-2483)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल के लिए मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (PRO) की आवश्यकता है **संपर्क करे:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009.** (RO-3217)

**आवश्यकता है-** MJ MARKETING में कार्य करने हेतु स्टाफ की । विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करे इंस्टाग्राम आईडी - @MJ_MARKETING24 Mo no - **7880099628.** (RO-3215)

### टेलीकॉलर/फील्ड

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है टीम लीडर (फीमेल) एंड टेलिकॉलर पद 15 (भिलाई) सैलरी :7000-15000 और फील्ड टीम लीडर (मेल) पद 3 बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और छत्तीसगढ़ लोकेशन के लिए सैलरी :15000-20000 contact : **9584316317, 9589049626 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री सुपेला, भिलाई**(आरो.-SP/901)

### गोदाम/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** जड़ी बुटी गोदाम में मुंशी एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें: - 7509772278.**(RO-7365)

**क्लासीफाईड**

### होम केयर वर्क

**आवश्यकता है-** आनंद होम केयर में काम करने हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है मरीजों, बुजुर्गों एवं बेबी केयर के लिए ट्रेनिंग फ्री रहना- खाना फ्री वेतन- 12000/- से 15000/- **मों- 9302224133, 9752391977.** (RO-2487)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- **ऑफिस का पता:- संतोषी नगर डुण्डा दुर्गा विहार के पास संपर्क :- 9329176284, 6232512035.**(RO-2484)

### शोरूम वर्क

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिक -बाइक शो रूम में काम करने हेतु लड़की/ महिला एवं लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार समय सुबह 10:00 से 8:00 बजे तक **पता:- शिक्षा इलेक्ट्रिक वेटीकल, भनपुरी चौक ग्रामीण बैंक के बगल, रायपुर मों नंबर- 8319800009.** (RO-M)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** 1) कम्प्युटर आपरेटर (टैली) - मेल/फिमेल (अनुभव एक साल), (2) काउंटर सेल्समेन/वूमेन (बीकाम), (3) दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए, **संपर्क करें :- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109019041.**(RO-7433)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814.** (RO-3218)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V-30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित **संपर्क करें- 82250-22889, 98278-06026.** (आरो न.-7156)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी भारतीय वनविभाग में कम्पनी द्वारा सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां के लिए, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/- आवेदन / **संपर्क करें - 9434227378.** (RO-634)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें:- 8240426971.** (RO-3216)

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC-2150/-+91 8602999284. (RO-1336)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039.** (RO-745)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.** (आरो.-7155)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

## Property प्रापर्टी

### बेचना/किराया

**बेचना है**
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

**किराये से देना है**
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।
VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता

संपर्क करें- 8120008290
Dev Ad.

### मकान

**मकान बेचना है -** ग्राम-तुलसी-2 (बाराडेरा) में 2917 वर्गफीट में पक्का मकान, बोरवेल, बाड़ी है। दोनो तरफ रास्ता सुविधा है। **संपर्क करें- मो. 9406020233** (आरो-2456)

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.** (RO-3223)

### वाहन

**वाहन-** एक 30 सीटर मिनी बस रनिंग चल रहा है फिटनेस 2030 तक परमिट इंश्योरेंस टैक्स सहित सभी ओके है 1100 प्रति दिन किराया 33000 मासिक किराया पर चल रहा है बेचना है कीमत 11 लाख है **संपर्क करें- 9691722982.** (RO-2490)

### फ्लैट

**FLAT SALE-** दुर्ग दीपक नगर स्थित अयोध्या अपार्टमेंट के प्रथम तल पर 2-BHK का फ्लैट बेचना है जिस पर मार्बल फ्लोरिंग एवं प्रत्येक कमरे व किचन के साथ बाल्कनी भी है। **संपर्क करें - 9425234880.** (आरो.-SPD/848)




## Business व्यापार

### टॉवर

**टॉवर लगवाए-** मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया + नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं **9407780635, 8319401203** (RO-82)

## वैवाहिकी

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
ब्राह्मण एकाकी अधिकारी (कानूनी तलाक प्रतीक्षित) को 40वर्ष तक की (केवल घरेलू) मित्रवत एकाकी लड़की/ महिला जीवनसाथी चाहिए (अविवाहित, विधवा को प्राथमिकता) स्वयं फोन करें
**7587724442**

### वर चाहिए

**वर चाहिए-** उम्र 37 वर्ष हाईट 5'-5" शासकीय सेवा अन्य उच्च वर्ग भी सम्पर्क कर सकते है शीघ्र विवाह दहेज रहित जाति बंधन नहीं सम्पर्क करें व्हाट्सएप नम्बर 96910 30082 **(2490)**

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु दिनांक **22.01.2025** तक एवं सरल क्र. 2 से 13 हेतु दिनांक **28.01.2025** तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ. सू.क./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 324 | रायगढ़ उपसंभाग के मुख्यालय क्र. 3 के अंतर्गत न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, जिला प्रशासन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के आवासीय भवनों में रंगाई पुताई कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।** | 30.00 |
| 2 | 325 | बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में DVOR Installation कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 150.86 |
| 3 | 326 | उपसंभाग क्रं.-1, बिलासपुर के बिल्हा-मस्तुरी उपखण्ड के अंतर्गत शासकीय तथा मुख्यालय उपखण्ड क्रं.-3, के अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य एवं मुख्यालय उपखण्ड क्रं. -3 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 90.00 |
| 4 | 327 | उपसंभाग कोनी, बिलासपुर के रमतला उपखण्ड के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य, कोनी बिलासपुर के गैर आवासीय भवन अंतर्गत मेंटल हॉस्पीटल सेंदरी में मरम्मत कार्य एवं कोनी बिलासपुर के रतनपुर उपखण्ड के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1. बिलासपुर।** | 63.00 |
| 5 | 328 | उपसंभाग कोनी, बिलासपुर के रतनपुर उपखण्ड, रमतला उपखण्ड, कोनी, बिलासपुर लो.नि.वि. कार्यालय स्टाफ क्वार्टर, रोजगार कार्यालय, आई. टी. आई. भवन तथा आई. टी. आई. छात्रावास कोनी एवं शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1. बिलासपुर।** | 84.00 |
| 6 | 329 | उपसंभाग कोनी बिलासपुर के अंतर्गत मुख्यालय उपखण्ड तथा लो.नि.वि. कार्यालय, स्टाफ क्वार्टर, रोजगार कार्यालय, आई.टी.आई. भवन, आई. टी. आई. छात्रावास भवन कोनी एवं शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1. बिलासपुर।** | 82.00 |
| 7 | 330 | उपसंभाग क्रं. -2 बिलासपुर के अंतर्गत उपखण्ड क्र.- 1, अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 55.00 |
| 8 | 331 | उपसंभाग क्रं.-2 बिलासपुर के अंतर्गत उपखण्ड क्रं.-1, एवं बेलतरा खम्हरिया उपखण्ड के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 50.00 |
| 9 | 332 | उपसंभाग कोनी, बिलासपुर के अंतर्गत रतनपुर एवं रमतला उपखण्ड के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एस.आर., एम.ओ. डब्ल्यू. एवं जमा कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 42.00 |
| 10 | 333 | उपसंभाग क्रं.- 2 बिलासपुर के बेलतरा, खम्हरिया उपखण्ड एवं सीपत उपखण्ड के अंतर्गत आवासीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 50.00 |
| 11 | 334 | उपसंभाग क्रं.-1, बिलासपुर के मुख्यालय उपखण्ड क्रं.- 1, 2 एवं 3 के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्परिंग का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 75.00 |
| 12 | 335 | पेण्ड्रा संभाग के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों स्कूल, कालेज, अस्पताल, पुलिस थाना और जेल भवनों का उन्नयन एवं मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग।** | 35.00 |
| 13 | 336 | माननीय उच्च न्यायालय मुख्य भवन परिसर हेतु पेटी बाजार सामाग्री की आपूर्ति का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर।** | 25.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G- 242505274/2

## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)

### नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 20.01.2022 को किया गया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| नीलाम स्थल का नाम | - | पिथौरा |
| नीलाम दिनांक | - | 20.01.2025 |
| नीलाम समय | - | 9:00 बजे प्रातः से |

**नीलाम दिनांक 20.01.2025 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा**

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | सागौन | 647.237 | 7817 | 15320 | 0 | 1605.328 | 7440 | 56209 | 0 | 2252.565 | 15257 | 71529 | 0 |
| 2 | साल | 14.590 | 59 | 0 | 0 | 45.725 | 63 | 0 | 0 | 60.315 | 122 | 0 | 0 |
| 3 | शीशम | 0.365 | 0 | 0 | 0 | 2.481 | 0 | 0 | 0 | 2.846 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | तिन्सा | 0.195 | 0 | 0 | 0 | 0.806 | 0 | 0 | 0 | 1.001 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 4.783 | 0 | 0 | 0 | 28.656 | 0 | 0 | 0 | 33.439 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 10.511 | 176 | 0 | 0 | 23.993 | 339 | 0 | 0 | 34.504 | 515 | 0 | 0 |
| 7 | हल्दु मुड़ी | 11.484 | 0 | 0 | 0 | 40.654 | 20 | 0 | 0 | 52.138 | 20 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 6.549 | 0 | 0 | 0 | 14.845 | 0 | 0 | 0 | 21.394 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | सलिहा मोदे | 17.868 | 0 | 0 | 0 | 19.924 | 0 | 0 | 0 | 37.792 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | खम्हार | 56.425 | 2389 | 0 | 1031 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 56.425 | 2389 | 0 | 1031 |
| 11 | पापड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 3.109 | 0 | 0 | 0 | 3.109 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | अन्य | 114.764 | 1289 | 0 | 0 | 100.223 | 1305 | 0 | 0 | 214.987 | 2594 | 0 | 0 |
| | योग :- | **884.771** | **11730** | **15320** | **1031** | **1885.744** | **9167** | **56209** | **0** | **2770.515** | **20897** | **71529** | **1031** |

**टीप :-** (1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशन ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)**

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)

G-242505275/2

City_Main_12_2024-12_Layout 1 11-01-2025 22:58 Page 1





# निवेश के लिए अपनाएं 50-20-30 सहित 5 फॉर्मूले

तरीका | बिजनेस डेस्क

अगर आप इस साल में अपने निवेश की शुरुआत करने का प्लान बना रहे हैं, तो निवेश का सफर शुरू करने से पहले दो चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। समय और निवेश पर मिलने वाला रिटर्न। जितने ज्यादा से ज्यादा समय के लिए आप निवेश करेंगे, उतना ही ज्यादा रिटर्न आपको मिलेगा। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपने लक्ष्यों को कम से कम जोखिम के साथ पूरा करेंगे। आपको उस रकम को ध्यान में रखकर योजना बनानी होगी, जो आप निवेश के माध्यम से भविष्य में पाना चाहते हैं। यहां हम निवेश के गणित के कुछ ऐसे शानदार टिप्स बता रहे हैं, जिससे आपके लिए चीजें काफी स्पष्ट और आसान हो जाएंगी।

### 50-20-30 नियम

यह नियम उतना ही स्पष्ट है, जितना इसके नंबर। आपको अपनी रकम को तीन हिस्सों में बांटना होगा। टैक्स के बाद 50% सैलरी को घरेलू खर्चों के लिए रखना होगा। 20% को थोड़े-थोड़े समय पर पड़ने वाली जरूरतों के लिए रखना होगा और 30% का निवेश भविष्य में पड़ने वाली जरूरतों के लिए रखना होगा।

### 15-15-15 नियम

ये नियम उनके लिए है, जो लंबी अवधि के निवेश में विश्वास करते हैं। इसमें 15 हजार रुपए हर महीने ऐसे एसेट में 15 साल तक निवेश करने होते हैं, जो सालाना 15% का रिटर्न दे। इक्विटी में किया गया निवेश इसके लिए उपयुक्त है। क्योंकि स्टॉक मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद शेयर बाजार ने हमेशा लंबी अवधि में 15% रिटर्न देना सुनिश्चित किया है।



### 72 का नियम

यह नियम पैसे को दोगुना करने में लगने वाला समय बताता है। संभावित रिटर्न या ब्याज दर से 72 को भाग दें और देखें। एसआईपी में निवेश पर आपको 15% रिटर्न मिलता है, तो इसे डबल करने में लगने वाले समय को निकालने के लिए 72 को 15 से भाग दे सकते हैं, जो 4.8 साल के बराबर होगा।

### 114 का नियम

यह नियम रकम तिगुना करने में लगने वाले समय का हिसाब देता है। 114 को आप संभावित ब्याज दर से भाग देकर ये समय निकाल सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर निवेश से आपको सालाना 15% रिटर्न मिलता है तो 114 को 15 से भाग दीजिए, जो 7.6 साल के बराबर है।

### 100 माइनस

उम्र यह संपत्ति का आवंटन करने के संबंध में हैं। 100 में से अपनी उम्र को घटा दीजिए। जो नंबर आपको मिलेगा, वह प्रतिशत होगा, जिसका आपको शेयर बाजार में निवेश करना चाहिए। यह नियम इस पर आधारित है कि जितनी कम आपकी उम्र होगी, आपके जोखिम लेने की क्षमता उतनी ज्यादा होगी। इस अवधि में आपको जो घाटा होगा, आप उसकी भरपाई भी कर पाएंगे।



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- म्यूचुअल फंड में निवेश करना स्टॉक मार्केट से ज्यादा सुरक्षित
- इक्विटी लिंक्ड होने के चलते रिटर्न भी हाई मिलने की उम्मीद
- निवेश के लिए पहले सही स्कीम की पहचान होना जरूरी

एसआईपी में 22 से 25% सालाना बढ़ा पैसा, सभी को मिली टॉप रेटिंग, लंबे निवेश का लक्ष्य रखकर म्यूचुअल फंड में लगाएं पैसा

# 10 वर्ष में 7 गुना रिटर्न दे गए कुछ म्यूचुअल फंड, कर सकते हैं निवेश

*अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। रेटिंग अच्छी होने पर बेहतर रिटर्न मिलने के चांस बढ़ जाते हैं। इनमें निवेश करने की लगात या एक्सपेंस रेश्यो भी कम होने के चांस रहते हैं। इसलिए किसी म्यूचुअल फंड में अगर निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखें।*

अगर आप भी म्यूचुअल फंड में निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए। बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखनी चाहिए। अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। म्यूचुअल फंड में निवेश करना सीधे स्टॉक मार्केट में पैसे लगाने की बजाए ज्यादा सुरक्षित है, वहीं इक्विटी लिंक्ड होने के चलते रिटर्न भी हाई मिलने की उम्मीद रहती है, लेकिन इसके लिए सही स्कीम की पहचान होनी जरूरी है। म्यूचुअल फंड मार्केट में बेहतर पोर्टफोलियो, एक्सपेंस रेश्यो, कम जोखिम और अच्छा प्रदर्शन करने के ट्रैक रिकॉर्ड से स्कीम को रेटिंग मिलती है। अगर म्यूचुअल फंड की रेटिंग मजबूत है तो उस स्कीम में रिस्क कम होता है। रेटिंग अच्छी होने पर बेहतर रिटर्न मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

वहीं, इनमें निवेश करने की लगात या एक्सपेंस रेश्यो भी कम होने के चांस रहते हैं। इसलिए किसी म्यूचुअल फंड में अगर निवेश करने जा रहे हैं तो सिर्फ उस स्कीम के पिछले रिटर्न को ही आधार नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उस फंड की रेटिंग भी देखें। अगर बीते 10 साल में 4 स्टार या 5 स्टार रेटिंग वाली कुछ म्यूचुअल फंड स्कीम का प्रदर्शन देखें तो ये रिटर्न चार्ट पर भी सबसे आगे दिख रही हैं। इन सभी ने 10 साल में एकमुश्त निवेश पर 18 से 22 फीसदी एनुअलाइज्ड और एसआईपी करने पर 21 से 25 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न दिया है। एकमुश्त पैसा लगाने वालों को 7 गुना तक रिटर्न मिला है।




### 1. निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 25.26% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 45,76,377 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 21.46% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,98,767.61 रुपये
- कुल एसेट्स : 61,646 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.43% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 16 सितंबर, 2010
- लॉन्च के बाद सें रिटर्न : 22.14% सालाना

### 2. क्वांट स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 26.59% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 49,16,920 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 20.36% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,38,001.63 रुपये
- कुल एसेट्स : 27,161 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.59% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 29 अक्टूबर, 1996
- लॉन्च के बाद सें रिटर्न : 14.57% सालाना

### 3. मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 24.7% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 44,40,798 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 19.89% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 6,13,521.24 रुपये
- कुल एसेट्स : 22,898 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.59% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 24 फरवरी, 2014
- लॉन्च के बाद सें रिटर्न : 24.56% सालाना

### 4. एडलवाइस मिड कैप फंड

- रेटिंग : 4 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 22.3% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 38,99,015 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 18.66% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 5,53,405.46 रुपये
- कुल एसेट्स : 8,280 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.73% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 26 दिसंबर, 2007
- लॉन्च के बाद सें रिटर्न : 14.39% सालाना

### 5. कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड

- रेटिंग : 4 स्टार
- 10 साल में एसआईपी रिटर्न : 21.2% सालाना
- मंथली एसआईपी : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 12 लाख रुपये
- 5 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 36,73,285 रुपये
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न : 18.28% सालाना
- 10 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू : 5,35,936.28 रुपये
- कुल एसेट्स : 52,049 करोड़ रुपये (30 नवंबर, 2024)
- एक्सपेंस रेश्यो : 1.42% (30 नवंबर, 2024)
- लॉन्च डेट : 30 मार्च, 2007
- लॉन्च के बाद सें रिटर्न : 15.63% सालाना

### क्या हैं म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड जैसे निवेश समाधान कई निवेशकों की पूंजी को मिलाकर स्टॉक और बॉन्ड सहित कई तरह की प्रतिभूतियाँ खरीदते हैं। फंड में मौजूद यूनिट्स कुल निवेश में प्रत्येक निवेशक के हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं। पेशेवर फंड मैनेजर इन फंडों की देखरेख करते हैं और फंड और बाजार के लक्ष्यों के आधार पर चुनाव करते हैं। अलग-अलग स्टॉक या बॉन्ड चुनने के बिना, म्यूचुअल फंड एक विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने का एक सरल तरीका प्रदान करते हैं। क्योंकि वे बहुत कम राशि के साथ निवेश की अनुमति देते हैं, वे नए निवेशकों के लिए अधिक उपयुक्त हैं।

### म्यूचुअल फ़ंड के बारे में ज़रूरी बातें

म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने वाले हर निवेशक को इकाइयां मिलती हैं।इन इकाइयों के ज़रिए निवेशक फ़ंड के मालिक होते हैं। फ़ंड से होने वाली कमाई को निवेशकों के बीच बांटा जाता है। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने के कई तरीके होते हैं, जैसे कि एकमुश्त निवेश या एसआईपी। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने से पहले, प्रॉस्पेक्टस ज़रूर पढ़ना चाहिए। म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करने से जोखिम भी होता है।

### यह भी जानें

**इक्विटी (स्टॉक) फंड :** ये वे फंड हैं जो सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के कॉर्पोरेट स्टॉक में निवेश किए जाते हैं। इन फंडों को कंपनी के आकार, उद्योग या क्षेत्र के प्रकार या संभावित विकास और मूल्य सहित विभिन्न घटकों के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है।

**बॉन्ड फंड :** ये ऋण साधनों से बने होते हैं जिन्हें सरकार या निगम निवेशकों को पूंजी जुटाने के लिए जारी करते हैं। वे अक्सर स्टॉक फंड की तुलना में कम जोखिम उठाते हैं। हालाँकि, उनमें वृद्धि की संभावना कम हो सकती है।

**मनी मार्केट फंड:** इस प्रकार के म्यूचुअल फंड सरकार या निगमों जैसी संस्थाओं से नकदी या नकदी-समतुल्य अल्पकालिक ऋण में निवेश करते हैं। मनी मार्केट फंड को आम तौर पर कम जोखिम वाला निवेश माना जाता है।

सोने ने फिर छुआ 80,000 का स्तर, चांदी भी 90,000 के पार

# फिर चमक रहे सोना-चांदी ऐसे में क्या करें निवेशक

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*जानकारों का मानना है कि निवेशकों को बाजार की अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए लंबी अवधि के लिहाज से निवेश करने की रणनीति बनानी चाहिए। मौजूदा आर्थिक स्थिति और केंद्रीय बैंकों की नीतियों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में सोने और चांदी को संतुलित तरीके से शामिल करना चाहिए।*

सोना चांदी एक बार फिर चमकने लगे हैं। सोने के भाव 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चल रहे हैं, वहीं चांदी भी लंबी छालांग लगाकर 90,000 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इससे निवेशकों और खरीदारों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह उछाल घरेलू बाजारों में बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझानों से प्रेरित है। अब सवाल यह है कि इस माहौल में निवेशकों को क्या करना चाहिए। ऐसे में इन दोनों धातुओं में निवेश किया जाए या नहीं यह सोचने वाली है। हालांकि बाजार के जानकारों का कहना है कि सोने और चांदी के दाम और बढ़ेंगे। इन दोनों धातुओं में निवेश करना काफी फायदेमंद हो सकता है।

### सोने की कीमतों में तेजी का कारण

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चल रही हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चीन की ओर से सोने की बढ़ती मांग ने कीमतों में मजबूती प्रदान की है। दिसंबर में चीन ने लगातार दूसरे महीने अपने सोने के भंडार में इजाफा किया, जो सोने की कीमतों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।



### चांदी की कीमतों में उछाल

चांदी की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं और 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गईं। बुधवार को चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में ज्वेलर्स और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को इस वृद्धि का मुख्य कारण बताया जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के अनुबंध 224 रुपये या 0.25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,097 रुपये प्रति किलोग्राम पर दर्ज किए गए।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में हलचल देखने को मिली. कॉमेक्स (सीओएमईएक्स) पर सोने के वायदा भाव 0.09 प्रतिशत गिरावट के साथ 2,663.10 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किए गए। हालांकि, चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया और एशियाई बाजार के घंटों में 30.71 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। हालांकि जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते जारी होने वाले अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में नरमी की संभावना है। अगर आंकड़े कमजोर रहे, तो फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ेंगी, जिससे सोने और चांदी की कीमतों को सहारा मिलेगा।

### केंद्रीय बैंक और चीन भी हैं वजह

सोने की कीमतों में वृद्धि का एक और कारण कई देशों के केंद्रीय बैंकों की खरीदारी है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2024 में सेंट्रल बैंक्स ने 53 टन सोना अपने भंडार में जोड़ा। इनमें से आठ टन की खरीदारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई। चीन द्वारा लगातार दूसरे महीने सोने की खरीदारी को निवेशक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। चीन ने ट्रम्प के दोबारा व्हाइट हाउस में लौटने के बाद अपने भंडार को विविधता देने के लिए सोने की खरीदारी को प्राथमिकता दी है।

### सोने और चांदी में निवेश का आकर्षण

भारत में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी के पीछे स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से जुड़े फैक्टर्स का योगदान है। सोने के इंपोर्ट में भी कमी लाई गई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार नवंबर में सोने का आयात बिल 14.86 बिलियन डॉलर से घटाकर 9.84 बिलियन डॉलर किया गया है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि शादी-ब्याह के सीजन में ज्वेलरी की मांग में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे सोने और चांदी की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। सोने और चांदी की कीमतों में इस तेजी ने निवेशकों को एक बार फिर इनमें निवेश के बारे में सोचने का मौका दिया है।




## टैक्स-छूट और बेहतर रिटर्न के लिए ईएलएसएस में करें निवेश

बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में 3 महीने से भी कम का समय बचा है। ऐसे में अगर आपने अभी तक टैक्स सेविंग्स प्लानिंग नहीं की है तो अभी भी इसके लिए निवेश कर सकते हैं। अगर आप टैक्स बचाने के साथ निवेश पर अच्छा रिटर्न चाहते हैं तो इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम यानी ईएलएसएस म्यूचुअल फंड सही विकल्प साबित हो सकते हैं। इसने बीते 1 साल में 49% तक का रिटर्न दिया है। ईएलएसएस यानी इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम ऐसे म्यूचुअल फंड होते हैं, जिनमें 3 साल के लिए इन्वेस्टर्स का पैसा ब्लॉक हो जाता है। म्यूचुअल फंड की इस कैटेगरी में आईटी एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये तक निवेश पर टैक्स छूट मिलती है। हालांकि, शेयर मार्केट लिंक्ड होने के चलते इसमें एफडी या एनएससी जैसी स्माल सेविंग्स की तुलना में इसमें ज्यादा जोखिम होता है।

**एक साल में मिला 49% तक का रिटर्न, निवेशक मालामाल**

### कम लॉक-इन पीरियड

टैक्स सेविंग एफडी, पब्लिक प्रोविडेंट फंड सहित अन्य टैक्स सेविंग स्कीम के मुकाबले ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में लॉक-इन पीरियड काफी कम होता है। जहां टैक्स सेविंग एफडी में इन्वेस्टर्स का पैसा 5 साल और पब्लिक प्रोविडेंट फंड में 15 साल तक लॉक रहता है। वहीं, ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टर्स का पैसा 3 साल तक ब्लॉक रहता है। हालांकि, पैसा ब्लॉक रहने का एक बड़ा फायदा यह है कि लंबी अवधि तक अनुशासित रहकर निवेश को बढ़ावा मिलता है। यही आगे आपकी वेल्थ क्रिएशन में मदद कर सकता है। 3 साल का लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि आपको फंड से बाहर निकलना जरूरी होगा, आप इसे आगे तक एक्सटेंड कर सकते हैं।

### लंबे समय में एसआईपी के जरिए निवेश ज्यादा फायदा

अन्य इक्विटी फंड की तरह इस कैटेगरी के फंड में भी निवेश लंबे समय में ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। इसकी वजह यह है इक्विटी फंड में लंबे समय तक एसआईपी करने से शेयर बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है। शेयर बाजार के निचले स्तर और ऊंचे स्तर का एक औसत रिटर्न बनता है और साथ ही कम्पाउंडिंग का फायदा भी मिलता है।

### एसआईपी निवेश का तरीका

शायद इसे निवेश का सबसे अच्छा तरीका कहना तो उचित नहीं होगा लेकिन यह नियमित आय वाले लोगों के लिए निवेश का अच्छा तरीका जरूर हो सकता है जैसे वेतनभोगी और कारोबारी जिनकी हर महीने एक निश्चित आय तय है। एसआईपी से निवेश जेब पर भारी नहीं पड़ता और छोटी- छोटी राशि लगातार निवेश करने से लम्बे समय में एक अच्छी खासी रकम जुटाई जा सकती है।

## बिजनेस साइट

# विजन पूरा करने का लक्ष्य लेकर ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव का हुआ समापन

### 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता का लक्ष्य



**रायपुर।** मेफेयर लेक रिसार्ट में शनिवार को 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'विजन 2030' को लेकर चर्चा और कार्य योजना बनाना था। दो दिन के इस कार्यक्रम के बाद देश और विदेश से प्रतिनिधियों ने अपने लक्ष्य पर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों, प्रमुख स्टील कंपनियों के अधिकारियों और उद्योगपतियों ने मंच पर आकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली चर्चा की। इस मौके पर 17 राज्यों से सदस्य जुटे थे। समापन समारोह में आयोजकों ने छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन और सहयोगी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव बांकेबिहारी अग्रवाल और इवेंट चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने बताया कि 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल करना इस सम्मेलन का प्रमुख विषय था। इसके अलावा इस्पात उद्योग के नए अवसरों और बदलते बाजार की गतिशीलता पर भी चर्चा की गई। राज्य और केंद्र सरकार की उद्योग संबंधी नीतियों पर भी विमर्श हुआ।



# भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस पर स्टैंडर्ड कार्निवल आयोजित

**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर में स्टैंडर्ड कार्निवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) में रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया। कार्निवल का मुख्य उद्देश्य मानकों की महत्ता और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाना था, साथ ही उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी विभागों के बीच सामंजस्य बढ़ाना था। इस आयोजन में राज्य के प्रमुख उद्योगों, शासकीय संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थाओं ने मानकों के महत्व को प्रदर्शित करते हुए अपने-अपने स्टॉल लगाए। विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों में विज्ञान और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# पतंजलि विश्वविद्यालय में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में मानविकी एवं प्राच्यविद्या संकाय के अंतर्गत दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्रों की परंपरा को आत्मसात कर योग, वेद और ऋषि मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषार्थ को ज्ञान और भक्ति से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे जीवन में सफलता प्राप्त हो सकती है। वहीं, कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यदि हम शास्त्रों का अनुसरण करते हैं तो शास्त्र हमारी सुरक्षा और संवर्धन करेंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, प्राध्यापकों और छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गौतम और स्वामी ईशदेव ने किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम चयन में देरी... बीसीसीआई ने आईसीसी से मांगा समय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अगले महीने की 19 तारीख से शुरू हो रही है। इस बार यह टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत खेला जाना है। इसके मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होंगे। शुरुआती मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। वहीं भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। अब चैंपियंस ट्रॉफी से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक इस इवेंट के लिए भारतीय टीम के सेलेक्शन में देरी हो सकती है। पहले यह उम्मीद की जा रही थी कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए 12 जनवरी तक कोर टीम (अस्थायी) की घोषणा करेगी। लेकिन अब इसमें एक सप्ताह की देरी हो सकती है। अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा 18 या 19 जनवरी को की जा सकती है।

### 12 जनवरी है डेडलाइन

बता दें कि आईसीसी इवेंट्स में भाग लेने वाले देशों को कम एक महीने पहले कोर टीम (अस्थायी) का ऐलान करना होता है, जिसमें बाद में बदलाव करने की स्वतंत्रता होती है। हालांकि, इस बार आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पांच सप्ताह पहले ही सभी टीमों से खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपने को कहा। इसकी डेडलाइन आईसीसी ने 12 जनवरी रखी है। अब भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे का हवाला देते हुए आईसीसी से डेडलाइन बढ़ाने की मांग कर रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के साथ-साथ इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी टीम सेलेक्शन में देरी हो सकती है।



### टी20: शमी की 14 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी

मुंबई। करीब 14 महीने पहले अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई। शमी (34 वर्ष) ने भारत के लिए आखिरी मैच 19 नवंबर को अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था।

**भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल/वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव/रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह।

### इंग्लैंड का भारत दौरा

| दिनांक | प्रारूप | स्थान |
|---|---|---|
| 22 जनवरी | टी20 | कोलकाता |
| 25 जनवरी | टी20 | चेन्नई |
| 28 जनवरी | टी20 | राजकोट |
| 31 जनवरी | टी20 | पुणे |
| 2 फरवरी | टी20 | मुंबई |
| 6 फरवरी | वनडे | नागपुर |
| 9 फरवरी | वनडे | कटक |
| 12 फरवरी | वनडे | अहमदाबाद |

### बीसीसीआई एसजीएम आज सैकिया, भाटिया का चयन तय

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली विशेष आम बैठक में देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को आधिकारिक तौर पर क्रमशः बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष चुना जाएगा। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) अचल कुमार जोती ने मंगलवार को सूची को जब अंतिम रूप दिया तो सैकिया और प्रभतेज रिक्त पदों के लिए मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे। जय शाह के एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का चेयरमैन बनने के बाद से सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्लूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने कहा, 'इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।'

### भारतीय शिक्षा व्यवस्था में 'खेल पहले' हो

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने देश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग करते हुए कहा है कि भविष्य में विश्व चैंपियन तैयार करने के लिए खेलोन्मुखी पाठ्यक्रम बनाया जाना जरूरी है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद और राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भूटिया ने इस पर चिंता जताई कि देश की मौजूदा शिक्षा नीतियों में खेलों को उतनी तरजीह नहीं दी गई है जिससे विश्व स्तरीय खिलाड़ी उतने नहीं निकल पा रहे। उन्होंने कार्यक्रम से इतर कहा, 'मेरा मानना है कि शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनानी चाहिए जो खेल नीतियों को बढ़ावा दे।'



### श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**राजकोट।** युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला टीम आयरलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने दूसरे महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा खेल जारी रखकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अपेक्षाकृत कम अनुभवी टीम उतारने के बावजूद भारत ने पहले वनडे में छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।



## विजय हजारे ट्रॉफी : चार बार की चैंपियन ने बड़ौदा को पांच रन से हराया

# कर्नाटक और महाराष्ट्र सेमीफाइनल में पहुंचे, अर्शिन-नितिन का शतक

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

चार बार की चैंपियन कर्नाटक ने एक रोमांचक मुकाबले में बड़ौदा को पांच रन से हराया जबकि महाराष्ट्र ने शनिवार को पंजाब को 70 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युवा अर्शिन कुलकर्णी ने लिस्ट ए क्रिकेट में पहला शतक जमाया जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज नितिन नाईक के आक्रामक शतक से महाराष्ट्र ने पंजाब पर शानदार जीत दर्ज की।

कुलकर्णी ने 137 गेंद में 107 रन बनाए और अंकित बावने (60 रन) के साथ शतकीय साझेदारी की। इसके बाद नाईक ने 29 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर टीम को छह विकेट पर 275 रन तक पहुंचाया। जवाब में पंजाब के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और टीम एक बार भी मैच में नहीं दिखी। अर्शदीप सिंह ने नौवे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंद में 49 रन बनाए लेकिन पूरी टीम 44.4 ओवर में 205 रन पर आउट हो गई। महाराष्ट्र के लिए मुकेश चौधरी ने आठ ओवर में 44 रन देकर तीन और प्रदीप दाढ़े ने 9.4 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट लिए।



### 145 रन की साझेदारी

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर महाराष्ट्र की शुरुआत बहुत खराब रही। कुलकर्णी ने पारी को संभाला और बावने के साथ 145 रन की साझेदारी की। कुलकर्णी ने 81 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 137 गेंद की अपनी पारी में स्ट्राइक रोटेट करते रहे। अर्शदीप ने उन्हें पवेलियन भेजा। इसके बाद नाईब ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में तीन छक्के और तीन चौके लगाए।

### कर्नाटक ने बड़ौदा को हराया

*सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए शतक जमाया और प्रसिद्ध कृष्णा के डैथ ओवरों में शानदार स्पैल की मदद से कर्नाटक ने बड़ौदा पर रोमांचक जीत दर्ज की। बड़ौदा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कर्नाटक ने पडिक्कल के 99 गेंद में 102 रन की मदद से आठ विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा के सलामी बल्लेबाज शाश्वत रावत ने शतक लगाया। रावत के 104 रन की मदद से बड़ौदा जीत की ओर बढ़ती लग रही थी और आखिरी पांच ओवर में उसे 44 रन ही चाहिए थे। प्रसिद्ध कृष्णा ने हालांकि 47वें ओवर में दो विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया।*

## क्रिकेट

### श्रीलंका ने जीता मैच, न्यूजीलैंड ने सीरीज पर 2-1 से किया कब्जा




एजेंसी ▶▶| आकलैंड

असिथ फर्नांडो और महीष तीक्षणा के छह विकेट की मदद से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 29.4 ओवर में 150 रन पर आउट करके तीसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 140 रन से जीत लिया।

फर्नांडो ने 26 रन देकर और तीक्षणा ने 35 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य के जवाब में 150 रन पर आउट हो गई। एशान फर्नांडो ने भी 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह उसका आखिरी मैच था। इससे पहले पाथुम निसांका के 66 रन की मदद से श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 290 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 55 रन देकर चार विकेट लिए। न्यूजीलैंड की पारी में मार्क चैपमैन ने 81 गेंद में 81 रन का योगदान दिया।

## जामवाल ने पूर्व युवा चैंपियन को हराया, शिव और सिवाच भी जीते

एजेंसी ▶▶| बरेली

हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने पूर्व विश्व युवा चैंपियन वंशज कुमार को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि शिव थापा और सचिन सिवाच ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

जामवाल ने 63.5 किग्रा वर्ग में 2022 के विश्व युवा चैंपियन सेना के वंशज को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता थापा ने असम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया और 60-65 किग्रा वर्ग में हिमांशु सांगवान को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मणिपुर के किंग्सन पुखरामबम को इसी अंतर से हराया। राजस्थान के देवेंद्र सोलंकी ने 47-50 किग्रा वर्ग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। उन्होंने मिजोरम के ज़ोरमुआना को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस बीच सेना के मुक्केबाजों ने अपना दबदबा कायम रखा। सचिन के अलावा हितेश गुलिया (लाइट मिडिलवेट), दीपक (वेल्टरवेट), जुगनू (क्रूजरवेट) और विशाल (हैवीवेट) ने भी अपने मुकाबले आसानी से जीते। पंजाब के गोपी ने फ्लाईवेट डिवीजन में गोविंद साहनी को हराकर उनके प्रभावशाली अभियान पर रोक लगाई।



## वाइड पर गेंदबाजों को छूट देगी आईसीसी

एजेंसी ▶▶| डरबन

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट समिति गेंदबाजों को वाइड पर थोड़ी अधिक छूट देने की दिशा में काम कर रही है क्योंकि मौजूदा नियम उन पर बहुत सख्त है, विशेषकर तब जबकि बल्लेबाज आखिरी क्षणों में मूवमेंट करते हैं। वनडे और टी-20 में, बल्लेबाज गेंदबाज की लाइन और लेंथ को बिगाड़ने के लिए क्रीज पर अंतिम पलों में मूवमेंट करते हैं जिससे अक्सर गेंद वाइड हो जाती है। पोलाक ने कहा, 'मैं आईसीसी क्रिकेट समिति का हिस्सा हूं और हम वाइड गेंद पर गेंदबाजों के लिए कुछ और छूट लाने पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि इसको लेकर नियम गेंदबाजों के प्रति बहुत सख्त हैं। अगर कोई बल्लेबाज आखिरी मिनट में उछलता है, तो यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए आदर्श स्थिति नहीं होती है।



### एस्टन विला ने विवादास्पद गोल से वेस्ट हैम को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

**लंदन।** एस्टन विला ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके विवादास्पद गोल के दम पर वेस्ट हैम को 2-1 से हराकर उसे एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। तीसरे दौर का यह मैच मॉर्गन रोजर्स के विजयी गोल के लिए रेफरी के खराब निर्णय के लिए याद किया जाएगा। लुकास पाक्वेटा ने नौवें मिनट में गोल करते वेस्ट हैम को बढ़त दिला दी थी लेकिन अमादौ ओनाना ने खेल समाप्त होने में 19 मिनट शेष रहते हुए विला को बराबरी दिला दी। इसके कुछ देर बाद हालांकि रेफरी ने विला को 75वें मिनट में कॉर्नर दे दिया क्योंकि ओनाना का शॉट बाहर चला गया और इसी फैसले के आधार पर रोजर्स ने विजयी गोल किया।






# 68 फुट लंबे पेड़ को मिला दुनिया के सबसे ऊंचे बांज के पेड़ का खिताब



एजेंसी ▶▶| पुर्तगाल

फ्रांस में स्थित एक विशाल बांज के पेड़ का नाम अब गिनीज बुक में शामिल हो गया है। रेनस नामक जगह पर स्थित यह पेड़ आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे ऊंचा बांज का पेड़ है। यह विशालकाय पेड़ 21 मीटर (68 फीट, 10 इंच) ऊंचा है, जो की किसी 7 मंजिला इमारत के बराबर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पुर्तगाल के सोब्रेइरो मोनुमेंटल उर्फ 'द व्हिस्लर ट्री' के नाम था, जिसकी लंबाई 16.2 मीटर (53 फीट) थी।

## 500 ग्राम छाल की कीमत 27 हजार रुपए से अधिक

यह पत्रिका विक्टर डुजार्डिन नामक लेखक ने लिखी थी, जिसमें उन्होंने सर्ज के खेत के आस-पास के क्षेत्र का विवरण किया था। उन्होंने लिखा, यहां एक शानदार बेलनाकार बांज का पेड़ है, जिसकी परिधि 3 मीटर और तने की ऊंचाई 5 मीटर है। उन्होंने आगे लिखा, इस पेड़ की छाल हर 10 साल में हटा दी जाती है, जिससे 400-500 किलोग्राम कॉर्क मिलता है। इसका मूल्य 27,000 रुपये से अधिक है।



## सर्ज अरनौडीज नामक व्यक्ति हैं इस पेड़ के प्रबंधक

वर्तमान में इस पेड़ के प्रबंधक सर्ज अरनौडीज नामक व्यक्ति हैं, जिन्होंने इसे 1980 के दशक के अंत में खरीदा था। कैटलन किसानों के वंशज सर्ज ने बताया, यह पेड़ हमारे खेत के पास एक खाली जमीन पर लगा हुआ था। कुछ बूढ़े लोग इसे एक असाधारण नमूने के रूप में याद करते हैं। उन्होंने इस पेड़ के बारे में 1891 की सोवेनिर्स डू मिडी पार अन होमे डू नॉर्ड नामक यात्रा पत्रिका में पढ़ा था।

## 90 के दशक से बंद कर दी इस पेड़ की कटाई

पेड़ के बारे में पढ़ने के बाद उत्सुक होकर सर्ज ने उसे खोजा और भूमि को खरीदने का फैसला किया। उन्होंने कहा, इस पेड़ को उसकी भव्यता बहाल करने के लिए साफ करना जरूरी था, लेकिन अब यह स्वस्थ है और जैश, मैगपाई, ब्लैकबर्ड, गिलहरी और जंगली सूअर जैसे जानवरों का घर है। सर्ज ने 90 के दशक में इसे संरक्षित रखने के इरादे से इस पेड़ की छाल की कटाई बंद कर दी थी।

# मलेशिया के नए राजा अकूत संपत्ति के मालिक, 300 कारों से लेकर खुद की सेना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने 65 साल की उम्र में मलेशिया के 17वें राजा के रूप में शपथ ली। नए राजा इब्राहिम के पास लगभग 473 अरब रुपये की संपत्ति है और उनका आर्थिक साम्राज्य उनके देश की सीमाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ है। सुल्तान इब्राहिम के रियल एस्टेट और खनन से लेकर दूरसंचार और पाम तेल तक कई उद्योग हैं। आइए राजा की बेहिसाब संपत्ति के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**हिटलर की कार सहित कई लग्जरी सुविधाएं** : सुल्तान इब्राहिम के पास 300 से अधिक लग्जरी कारों का संग्रह है, जिसमें जर्मनी के तानाशाह एडॉल्फ हिटलर द्वारा कथित तौर पर उपहार में दी गई एक कार भी शामिल है। इसके अतिरिक्त उनके पास सोने और नीले रंग के बोइंग 737 विमान सहित निजी जहाजों का एक बेड़ा भी है। साथ ही उनके परिवार के पास एक निजी सेना भी है। उनके पास सिंगापुर में 332 अरब रुपये की जमीन भी है, जो बोटैनिकल गार्डन से सटी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भले ही सुल्तान इब्राहिम की अनुमानित पारिवारिक संपत्ति 5.7 अरब डॉलर (473 अरब रुपये) आंकी गई है, हालांकि राजा की वास्तविक संपत्ति इससे कई अधिक है।

उनकी संपत्ति में मलेशिया के प्रमुख सेल सेवा प्रदाताओं में से एक यू मोबाइल में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

## सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति का कारण

सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति का कारण चीनी डेवलपर्स के साथ उनके संयुक्त उद्यम हैं और कई प्रमुख परियोजनाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके व्यापारिक फायदे और चीनी डेवलपर्स के साथ गठजोड़ समेत सिंगापुर के नेताओं के साथ विशेष संबंधों ने उनके आर्थिक साम्राज्य को बढ़ाने में मदद की है। यही वजह है कि आज सुल्तान इब्राहिम बेहिसाब संपत्ति के मालिक हैं।

आयुष्मान भारत योजना से इलाज
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
कीमोथेरेपी | कैंसर सर्जरी | रेडियोथेरेपी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी, फोन: 9343079151, 91313 99570
भिलाई: टी.आई. मॉल के पास, फोन: 7722880844, 0788-2294440
रायगढ़: मित्तल एपेक्स कैंसर यूनिट, एपेक्स हॉस्पिटल, रायगढ़, फोन: 7880158717, 93291 42501
द्वारा अनुबंधित
ESIC RAILWAYS SECL CGHS TPA
Deepak Advts.

# ये हैं दुनियाभर की अनोखी ट्रेनें, किसी के डिब्बे गोल तो किसी को देखकर रह जाएंगे

*नई दिल्ली। अभी तक आपने कई ट्रेन में सफर किया होगा, जो लगभग एक-जैसी ही होती हैं। हालांकि, दुनियाभर के अलग-अलग देशों में ऐसी कई ट्रेनें चलती हैं, जो सामान्य से हटकर विचित्र डिजाइन की होती है। इतना ही नहीं, कुछ ट्रेन तो ऐसी अनोखी-अनोखी थीम पर भी डिजाइन हुई हैं, जिसे देखकर यात्री काल्पनिक दुनिया में खो-से जाते हैं। आज हम आपको ऐसी ही अनोखी ट्रेनों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी।*

## कार्टून के कैरेक्टर की थीम पर पिकाचु ट्रेन



पोकेमॉन नामक कार्टून काफी प्रसिद्ध है। जापान में इसी कार्टून के कैरेक्टर पिकाचु की थीम पर एक ट्रेन चलती है, जिसे देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। ईस्ट जापान रेलवे कंपनी ने 2017 में इस ट्रेन को पेश किया था। यह ट्रेन पिकाचु की थीम पर डिजाइन की गई है, इसलिए इसका रंग पीला और भूरा है। यह ट्रेन पॉप संस्कृति को नवीन परिवहन के साथ मिलान करने की जापान की क्षमता का प्रमाण है।

## ऊपर पटरी वाली ट्रेन वुपर्टल श्वेबेबान



जर्मनी में भी एक अनोखी ट्रेन चलती है, जिसका नाम वुपर्टल श्वेबेबान है। यह ट्रेन वुपर्टल शहर में वुपर नदी के ऊपर एक स्टील फ्रेम से लटकी होती है। यह दुनिया का सबसे पुराना इलेक्ट्रिक एलिवेटेड रेलवे है, जिसमें ट्रेन की पटरी नीचे नहीं ऊपर होती है। बता दें कि यह ट्रेन 13.3 किलोमीटर की दूरी तय करती है और रोजाना लगभग 80,000 यात्रियों को सफर करवाने में सक्षम है।

**बस और ट्रेन का मिश्रण फेरोबस रेल** : दक्षिण अमेरिका में फेरोबस नामक ट्रेन चलती है, जो कि बस और ट्रेन का एक अनूठा मिश्रण है। यह ट्रेन देखने में बहुत छोटी लगती है, लेकिन क्षेत्र में विभिन्न परिवहन जरूरतों को पूरा करती है। फेरोबस ऊबड़-खाबड़ रास्तों से लेकर शहरी मार्गों तक बहुत ही आसानी से चल सकती है।

## भिलाई विधायक देवेंद्र को जवाब देने आखिरी मौका

**बिलासपुर।** बलौदाबाजार हिंसा केस में जेल में बंद भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने चुनावी याचिका पर अब तक जवाब नहीं दिया है। बार-बार समय देने के बाद भी जवाब नहीं देने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्हें जवाब देने के लिए आखिरी मौका दिया गया है।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

संजीवनी
CBCC कैंसर हॉस्पिटल
25+ विशेषज्ञ, 500+ स्टाफ, 18 वर्षों से
Unit -1 Unit -2 Unit -3
• कैंसर एवं रोबोटिक सर्जरी • कीमो और इम्यूनोथेरेपी • रेडियोथेरेपी और PET स्कैन
• हेमेटोलॉजी एवं ब्लड कैंसर • न्यूक्लियर मेडिसिन • हिस्टोपैथ एवं I.H.C.
• हाई-डोज़ आयोडीन थेरेपी • बोन मैरो ट्रांसप्लांट • ब्लड बैंक
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल व काले हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र जगदलपुर में
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल व श्रीराम केयर हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र बिलासपुर में
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.) 7389905010, 04010, +917714081010, 4061010

## रायपुर निगम के डिप्टी कमिश्नर के ट्रांसफर पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज:बिलासपुर



रायपुर नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर कृष्णा खटीक के तबादला आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। दरअसल, नगरीय प्रशासन विभाग ने नियमों को दरकिनार कर सीनियर अफसर का जूनियर पद पर ट्रांसफर कर दिया था। याचिकाकर्ता का तबादला नगर पालिका महासमुंद में सीएमओ के पद पर किया गया था। याचिका में कहा गया कि प्रदेश में जूनियर ए श्रेणी के 18 सीएमओ ऊंचे पद पर कार्यरत हैं। राज्य सरकार चाहे तो इनमें से किसी भी एक को महासमुंद नगरपालिका सीएमओ के पद पर तबादला किया जा सकता है। इनमें से किसी अफसर को न भेजकर एए श्रेणी के सीनियर अफसर को महासमुंद सीएमओ बनाकर भेजा जा रहा है जो राज्य शासन के तय सेवा शर्तों का उल्लंघन है।

इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए तबादला आदेश पर रोक लगा दी है।

नगरीय प्रशासन विभाग में ग्रेड एए के अधिकारी कृष्णा खटिक ने एडवोकेट संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

कब्ज का काल
कब्ज नाल
Kabjnal Churn 100 gm
कब्जनाल चूर्ण
आप ने बहुत से कब्जीयत की दवा ली परंतु बात नहीं बनी स्नेह कब्जनाल चूर्ण के पहले खुराक से पेट खुश तो आप भी खुश पेट के संपूर्ण रोगों के लिए आर्शीवाद यह नये-पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर आँतों को साफ रखता है। बवासीर को ठीक करता है।
पेशाब से जाने वाले चिपचिपे पदार्थ को तुरंत रोकता है।
सभी मेडिकल व जनरल स्टोर में उपलब्ध
एक बार अवश्य प्रयोग करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
Mob. : 93032-42200

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ऊर्जा एवं क्षमता के लिए
पुरूषों के लिए खास
लोकप्रिय व असरकारक
जापानी तेल
सभी मेडिकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध

कठिन समस्याएं अब न होंगी
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested*
67 दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली'
आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
Helps in:
कठिन दर्द | चिड़चिड़ापन
थकान | कमजोरी
कमर कटना | इम्यूनिटी
सच्ची सहेली
67 जड़ी-बूटियों से बना, महिलाओं के लिए भरोसेमंद आयुर्वेदिक टॉनिक
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all medical & general stores

24x7 Helpline: 85568 09999
Dr. Juneja's ACCUMASS
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
अर्जुनामृत
• अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी - बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
• बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
• अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।
वैद्यकीय सलाह : 8448444935 www.baidyanath.co

MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्दी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखो ग्राहकों का विश्वास
भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
मशरूम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर
• भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
• दुबलेपन को दुर करने में सहायक
• प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
• गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
• उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक
सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9325551111
राजनांदगाव : महेश एजन्सी-7000616262, विश्वनाथ फार्मा-9406265404
SS - ताराचंद चिखलांदीया - 8889669996, पंकज मेडीकोज, बिलासपुर -6261187686,

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com